યુગપ્રધાનોનું અસ્તિત્વ પણ આપણા નાનકડા આર્યપ્રદેશમાં નહિં, કિંતુ બૃહદ્ આર્યાવર્તમાં એ બન્ને અવશ્ય આવેલાં છે. તે આપણા ભારતવર્ષથી લાખો માઈલ દૂર આવેલો છે. આપણા આર્યપ્રદેશ કરતાં અનેકગણા મુનિ સમુદાયો, આચાર્ય ભગવંતો તથા અનેક દેશો - નગરોના શ્રી સંઘો વગેરે બૃહદ આર્યાવર્તમાં વીતરાગ ધર્મની આરાધના વડે આત્મહિત સાધી રહેલા છે.

સંક્ષિપ્તમાં કહી શકાય કે, આપણું હાલનું દશ્ય જગત આખાયે ભરતક્ષેત્રના, દક્ષિણાર્ધ ભરતના મધ્ય ખંડના ૨૫॥ આર્ય દેશો પૈકી કોઈ એક દેશ (સંભવિત સુરાષ્ટ્ર)નો જ કોઈ એક આર્ય પ્રદેશ જ છે અને શ્રી સગર ચક્રવર્તી દ્વારા આકર્ષિત થયેલા લવણ સમુદ્રનાં પાણીના ઘસારાના કારણે બનેલા નાના-મોટા પ્રદેશો યા તો દ્વીપોમાં વહેંચાઈ જઈને દ્વીપસમૂહ બનેલો છે.

આપણા આ દ્વીપસમૂહ સ્વરૂપી આર્યપ્રદેશમાં શ્રી ગૌતમ સ્વામીના તથા શ્રી સુધર્મ સ્વામીના સમયમાં, શ્રી પાર્શ્વનાથ પ્રભુના સમયમાં થયેલા શ્રી કેશી ગણધરના શિષ્ય શ્રી સ્વયંપ્રભસૂરિએ શ્રી જૈન સંસ્કૃતિનો પ્રચાર કરીને શ્રીમાળ (ભીનમાળ) બંદરના વન્હિક (વહાણવટા દ્વારા વેપાર કરનાર) ગૃહસ્થ કુટુંબોને પ્રતિબોધ આપીને શ્રીમાળી કુળના શ્રાવક કુળની સ્થાપનાની શરૂઆત કરી. તેઓશ્રીના શિષ્ય શ્રી રત્નપ્રભસૂરિ આદિએ ત્યારબાદ ઓશિયા બંદરમાં શ્રી ઓશવાળ તથા પદમાવતમાં શ્રી પોરવાડ કુબેરની સ્થાપના કરીને, પ્રતિબોધ કરીને શ્રાવક બનાવ્યા. આ રીતે તેઓશ્રી તથા તેઓશ્રીની પરંપરામાં થયેલા આચાર્ય ભગવંતો તથા સાધુ મુનિરાજોએ આ ભૂમિ ઉપર વિચરીને અનેક ગ્રામ-નગરોમાં વસેલા ગૃહસ્થોને શ્રાવક બનાવીને ગામેગામ શ્રી શ્રાવકસંઘોની સ્થાપના કરી. હાલમાં, ભારતભરમાં તથા જગતના બીજા દેશોમાં વસી રહેલા તમામ જૈનો ઉપરોક્ત પ્રતિબોધિત થયેલા શ્રીમાળ, ઓશવાળ, પોરવાડ આદિ આ જૈન કુળોના પરિવારના જ વંશજો છે. અસલ મૂળ મગધ, કાશી, કોશલ આદિ દેશોના શ્રાવકસંઘોનો પરિવાર અહીં ઉપલબ્ધ નથી, પરંતુ કોઈ કોઈ વ્યક્તિ કદાચિત આ ભૂમિ પર આવી હોય પણ આવી હોય તો પણ તે બહુ ઓછા પ્રમાણમાં જ. બાકીના બધા શ્રી સંઘોના પરિવારો તો હાલમાં બૃહદ્ આર્યાવર્તમાં જ શ્રી જૈન ધર્મની આરાધના કરીને આત્મહિત સાધી રહ્યા છે.

તેવી જ રીતે, શ્રી મહાવીર સ્વામી પ્રભુના પરિવારના અનેક કુળ, ગણ, ગચ્છ આદિના પરિવારના સાધુ-મુનિ મહારાજાઓ તથા શ્રી આચાર્ય ભગવંતો પણ વિપુલ સંખ્યામાં એ બૃહદ આર્યાવર્તમાં જ વિચરીને આત્મસાધના કરી રહેલા છે. આપણા આ દ્વીપસમૂહ આર્યપ્રદેશમાં તો એક માત્ર શ્રી વજ્રસેનસૂરીશ્વરજી (શ્રી વજ્રસ્વામીના પટ્ટધર) આ ભૂમિ ઉપર પધારીને સોપારક પટ્ટણના શ્રી ઈશ્વર શ્રેષ્ઠી તથા તેમના જ પુત્રો શ્રી નાગેંદ્ર, ચંદ્ર, નિવૃત્તિ અને વિદ્યાધર આદિને પ્રતિબોધિને શિષ્ય બનાવેલા છે અને તેમનાથી જ આ ભૂમિ ઉપર શ્રી મહાવીર પ્રભુની શિષ્યપરંપરા વિચરવા લાગી.

આ રીતે, શ્રી પાર્શ્વનાથ પ્રભુની પરંપરાના શ્રી સ્વયંપ્રભસ્વામીસૂરિની એક પરંપરા તથા શ્રી મહાવીર સ્વામી પ્રભુના પરિવારના શ્રી વજ્રસેનસૂરિની પરંપરા એમ બે પરંપરા આ ભૂમિ પર વિસ્તાર પામેલી છે.

શ્રી પાર્શ્વનાથ પ્રભુની આ પરંપરામાં થયેલ શ્રી ઉપકેશ ગચ્છ તથા શ્રી કોરંટ ગચ્છના મુનિરાજો તથા શ્રી મહાવીર સ્વામી પ્રભુની તેરમી પાટે થયેલા શ્રી વજ્રસ્વામીના પટ્ટધર શ્રી વજ્રસેનસૂરિની પરંપરા (એટલે કે કોટિક ગણ, વઈરી શાખા)ના ચાર કુળ (શ્રી નાગેંદ્ર કુળ, શ્રી ચંદ્ર કુળ, શ્રી નિવૃત્તિ કુળ અને શ્રી વિદ્યાધર કુળ) માં વહેંચાયેલા સાધુ-મુનિરાજાઓની પરંપરાના સાધુ, મુનિરાજો હાલમાં વિચરી રહેલા છે. જ્યારે તે સિવાયના બીજા કુળ, ગણ, ગચ્છ આદિના પરિવારના આચાર્ય ભગવંતો સહિત

અનેક મુનિ મહારાજાનો ઘણી જ મોટી સંખ્યામાં તથા ૨૫॥ આર્ય દેશોના દેશ-પ્રદેશ અને નગરો-ગામો વગેરેના શ્રી શ્રાવકસંઘોના પરિવારો ઘણી જ મોટી સંખ્યામાં બૃહદ આર્યાવર્તમાં જ શ્રી વીતરાગ ધર્મની આરાધના દ્વારા આત્મહિત સાધી રહ્યા છે.

આ રીતે જ, શ્રી અષ્ટાપદજી મહાતીર્થ, શ્રી સમ્મેતશિખરજી મહાતીર્થ, શ્રી અપાપાપુરી મહાતીર્થ, શ્રી ચંપાપુરીજી મહાતીર્થ તથા અન્ય કલ્યાણક ભૂમિરૂપી મહાતીર્થો પણ બૃહદ્ આર્યાવર્તમાં જ વિદ્યમાન છે, જેમાં (શ્રી અષ્ટાપદજી તીર્થ તથા વિનીતા (અયોધ્યા નગરી) આશરે ચાર લાખ માઈલ દૂર છે. માત્ર શ્રી ગિરનાર તીર્થ આપણા આર્યપ્રદેશથી નજદીકમાં છે. આપણો આ દ્વીપસમુહ સ્વરૂપ આર્ય-પ્રદેશનો લગભગ બધો જ વિસ્તાર શ્રી સિદ્ધાચળ તીર્થભૂમિ વિસ્તારોમાંથી સમુદ્રનાં ખારાં પાણીના ઘસારાથી છૂટી પડેલી ભૂમિ, તેના વિસ્તારનો એક વિભાગ હોય તેમ જણાય છે. શ્રી ઋષભદેવ પ્રભુનાં સમયના શ્રી શત્રુંજય તીર્થની ૫૦ યોજન વિસ્તારની તીર્થભૂમિમાંથી ચોથા આરાને અંતે ૧૨ યોજન તીર્થભૂમિ શેષ રહી. જ્યારે બાકીના છૂટા પડેલા ૩૮ યોજન વિસ્તારની ભૂમિ ઉપર જ આપણો આ આર્યપ્રદેશ માનવ વસાહતો રૂપે વિકાસ પામ્યો હોય તેમ જણાય છે. આ ભૂમિ પર શ્રી નેમિનાથ પ્રભુના શાસનકાળના સમયથી જ માનવ વસવાટ શરૂ હોય તેમ જણાય છે.

આ માનવ વસવાટમાં સહુપ્રથમ દ્રવિડ અને યાદવ પ્રજાનો વસવાટ થયો હોય તેમ જણાય છે. આરબ અને યહૂદી પ્રજા યાદવોની વંશજો છે. જ્યારે ગુર્જર તામિલ વગેરે દ્રવિડ પ્રજાના વંશજો છે. બીજી અનેક પ્રજાઓએ ત્યાર બાદ, અનુક્રમે આ ભૂમિ પર આવીને વસવાટ કર્યો છે.

શ્રી નેમિનાથ પ્રભુ અને શ્રી પાર્શ્વનાથ પ્રભુના આંતરાના કાળમાં આ પાર્વતિક ઉચ્ચ ભૂમિએ માનવ વસવાટથી સમુદ્ધ બનીને સંસ્કૃતિનો વિકાસ સાધેલો છે. બીજી આગંતુક, પ્રજા જોવા કે કુશસ્થળથી આવેલ સૂર્યવંશી પ્રજા ભારત, ચીન, જાપાન, અને ઈરાનમાં પથરાયેલી છે. પાંડવકાલીન મનાતી મય સંસ્કૃતિ પ્રશાંતના ટાપુઓથી છેક અમેરિકા સુધી પથરાયેલી છે. જ્યારે ભારતમાં વસતા યાદવો (રા 'ગૃહરિપુ' રા'ખેંગાર વગેરે)ના પૂર્વજોએ આફ્રિકામાંથી નીકળીને તારાતંબોળ નગરના રસ્તેથી આફ્રિકા, ઈજિપ્તમાં વસવાટ કર્યા બાદ ભારતમાં પ્રવેશ કર્યો છે. આ ઈતિહાસ ઘણો લાંબો છે. જેનું સંક્ષિપ્ત સ્વરૂપ અત્રે પ્રસ્તુત કરવામાં આવ્યું છે.

# 6

# ।। आदिनाथ भगवान् का समय ।।

**जितेन्द्र शाह**

**ख्यातोऽष्टापद-पर्वतो गजपदः सम्मेत-शैला भिधः।**
**श्रीमान् रैवतकः प्रसिद्ध महिमा शत्रुञ्जयो मण्डपः।**
**वैभारः कनकाऽचलोऽर्बुदगिरिः, श्री चित्रकूटादयः।**
**तत्र श्री ऋषभादयो जिनवराः कुर्वन्तु वो ङ्गलम्।।३३।।**

**कलिकाल हेमचन्द्रसूरि-सकलार्हत स्तोत्र.**

**अर्थात्-** प्रसिद्ध अष्टापद पर्वत, गजपद तीर्थ, सम्मेतशिखर नाम का पर्वत, श्रीमान् गिरनार, प्रसिद्ध महिमावान् श्री शत्रुंजयगिरि, मांडवगढ, वैभारगिरि, सुवर्णगिरि, आबुगिरि एवं श्री चित्रकूट-चितोड़ आदि तीर्थ हैं। वहाँ बिराजमान श्री ऋषभदेव आदि श्री जिनेश्वर प्रभु मंगल करें।

प्रस्तुत स्तुति में कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्राचार्यजी ने आर्यदेश के सुप्रसिद्ध तीर्थों की स्तुति की है। इस स्तुति में सर्व प्रथम अष्टापद तीर्थ को नमन किया है। अष्टापद तीर्थ की प्राचीनता एवं महिमा को दर्शाता है। एक अष्टापद तीर्थ जैनधर्म का पवित्र तीर्थ एवं प्राचीन तीर्थ होने के नाते हमेशा वंदनीय एवं स्तुत्य रहा है। न केवल संस्कृत या प्राकृत में ही किन्तु गुजराती स्तुतियों में भी अष्टापद की स्तुति अवश्य होती रही है। यहाँ मैं एक गुजराती दोहा प्रस्तुत करता हूँ।

**''આબુ અષ્ટાપદ ગિરનાર, સમ્મેતશિખર શત્રુંજય સાર,**
**એ પાંચેય તીરથ ઉત્તમઠામ, સિદ્ધ ગયા તેને કરું પ્રણામ.''**

**अर्थात्-** आबु, अष्टापद, गिरनार, सम्मेतशिखर एवं शत्रुंजय ये पाँचों तीर्थ उत्तम हैं। इन तीर्थों से सिद्धगति प्राप्त सभी को मैं प्रणाम करता हूँ। इस गुजराती दोहे में अष्टापद तीर्थ को पाँच मुख्य तीर्थों में रखकर तीर्थ की महिमा बढ़ाई है। इस तीर्थ के साथ वर्तमान चोवीसी के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के जीवन की अनेक घटनाएँ जुडी हुई हैं। हम ऋषभदेव परमात्मा के जीवनकाल के विषय में चर्चा करें उसके पूर्व कुछ ऐतिहासिक तथ्यों की चर्चा करेंगें। उपलब्ध साहित्य में हमें अष्टापद का सर्व प्रथम उल्लेख आचारांग निर्युक्ति में प्राप्त होता है। उसमें कहा गया है कि-

**अठ्ठावय उज्जिंते, गयग्गपए अ धम्मचक्के अ।**
**पासरहावत्तनगं, चमरुप्पायं च वंदामि।।**

---

**Period of Adinath Vol. XVI Ch. 124-A, Pg. 7144-7151**

**अर्थात्**– अष्टापद, उज्जयंत गिरनार, गजाग्रपद, धर्मचक्र, पार्श्वरथावर्तनग एवं चच्चरुप्राय तीर्थ को नमस्कार करता हूँ। हमारा दुर्भाग्य यह है कि इसमें से उज्जयंत-गिरनार को छोडकर बाकी सभी तीर्थ लुप्त हो गए हैं। इस गाथा में अष्टापद तीर्थ का उल्लेख प्राप्त होता है। तत्पश्चात् आवश्यक निर्युक्ति में कुछ विस्तार से वर्णन प्राप्त होता है। यथा–

**अह भगवं भवमहणो, पूव्वाणमणूणगं सयसहस्सं।**
**अणुपुव्वीं विहरीऊणं, पतो अठ्ठावयं सेलं।।४३३।।**

**अठ्ठावयंमि सेले, चउदस भत्तेण सो महरिसीणं।**
**दसहि सहस्सेहिं समं, निव्वाणमणुत्तरं पत्तो ।।४३४।।**

**निव्वाणं चिइगागिई, जिणस्स इरवाग सेसयाणं च।**
**सकहा थूभर जिणहरे, जायग तेणाहि अम्मित्ति ।।४३५।।**

**अर्थात्**– संसार के दुःखों का अन्त करनेवाले भगवान् ऋषभदेव संपूर्ण एक लाख वर्षों तक पृथ्वी पर विहार करके अनुक्रम अष्टापद पर्वत के ऊपर पहुँचे। वहाँ छःउपवास के पश्चात दस हजार मुनिगणों के साथ निर्वाण को प्राप्त हुए। जहाँ भगवान ने निर्वाण प्राप्त किया था वहाँ देवों ने स्तूप बनाए और भरत चक्रवर्ती ने चोवीस तीर्थंकरों के वर्ण एवं परिमाण के समान सपरिकर मूर्तियाँ स्थापित कीं और जिनमंदिर बनाया। प्रायः इसी तरह का ही वर्णन हमें सभी ग्रन्थों में प्राप्त होता है। हमें सबसे विस्तृत वर्णन कलिकाल सर्वज्ञ आचार्य श्री हेमचन्द्र विरचित त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित्र के प्रथम पर्व के छठ्ठे सर्ग में प्राप्त होता है। महावीर स्वामी भगवान् के पूर्वभवों का वर्णन करते हुए मरिचि की कथा के अन्तर्गत ऋषभदेव एवं अष्टापद का वर्णन प्राप्त होता है।

मरिचि ने भगवान् ऋषभदेव प्ररूपित संयम मार्ग की कठोरता को सहन करने में असमर्थ होने के कारण कुछ छूट लेने का विचार किया। उन्होंने त्रिदण्डी वेश धारण किया, सिर मुण्डन करवाया, सुवर्ण की जनोई रखने लगे। चाखडी पहनना शुरू किया, चँदनादि का लेप भी करते थे एवं कषाय वस्त्र धारण करते थे। किन्तु जब भी कोई उन्हें पूछते थे तब वे अपनी आचार पालन की असमर्थता को ही बताते थे। एवं सभी को उपदेशादि के द्वारा प्रतिबोधित करके भगवान् ऋषभदेव के पास ही संयम हेतु भेजते थे।

एक बार परमात्मा ऋषभदेव अष्टापद पर पधारे थे। यहाँ आचार्य हेमचन्द्रसूरि ने अष्टापद का वर्णन किया है वह विशेष ध्यानाकर्षक है। यथा–

वह पर्वत अत्यन्त श्वेत होने के कारण शरद ऋतु के बादलों का एक कल्पित पुञ्ज जैसा, अत्यन्त ठण्डी के कारण जम गया हो ऐसा क्षीर समुद्र के वेलाकूट जैसा, ऊँचे श्रृँगवाला ऋषभ-बैल जैसा श्वेत धवल अष्टापद पर्वत था। उस समय भरत चक्रवर्ती अयोध्या में राज्य कर रहे थे। वह अष्टापद पर जाकर वंदन कर के देशना सुनते हैं। पुनः ऋषभदेव अष्टापद आते हैं और भरत चक्री पुनः अयोध्या से ऋषभदेव भगवान् के पास पहुँचते हैं और अत्यन्त भक्ति एवं भावविभोर होकर प्रश्न पूछते हैं कि इस पर्षदा में कोई भावि तीर्थंकर हैं जिनको वंदन करके अपना जीवन चरितार्थ करना चाहता हूँ। तब ऋषभदेव भगवान् ने फरमाया की आपका ही पुत्र मरिचि इसी भरतक्षेत्र में पोतनपुर नाम के नगर में त्रिपुष्ट-त्रिपृष्ट नाम के प्रथम वासुदेव होंगे। अनुक्रम से महाविदेह में धनंजय एवं धारीणी नाम की दंपती के पुत्र प्रियमित्र नामक चक्रवर्ती होंगे। एवं बहुत समय परिभ्रमण करने के प्रश्चात् इसी भरतक्षेत्र में महावीर नामक चौबीसवें तीर्थंकर होंगे।

इस चरित्र के अन्त में दर्शाया है कि परमात्मा ऋषभदेव अष्टापद पर आए। साथ में दश हजार मुनि थे उनके साथ भगवान ने छह उपवास का तप किया और अन्त में पादोपगमन अनशन स्वीकार किया।

इस अवसर्पिणी के तृतीय आरा के निन्यान्वें पक्ष शेष बचे थे अर्थात् करीब सवाचार वर्ष बाकी थे तब माघ मास की कृष्णत्रयोदशी के पूर्वाह्न में अभिचि नक्षत्र में चन्द्र का योग था तब पर्यंकासन में स्थित परमात्मा ऋषभदेव ने बादर काययोग में रह कर ही बादर मनयोग एवं बादर बचन योग को समाप्त कर दिया।

तत्पश्चात् अष्टापद गिरि के उपर नूतन शिखरों के समान नए चिता स्थान में देवों ने रत्नों के तीन स्तूप बनाए। तत्पश्चात् भरत महाराजा ने प्रभु के संस्कार के समीप भूमि में तीन गाऊँ ऊँचा एवं मोक्ष मार्ग की वेदिका सदृश सिंहनिषद्या नामक प्रासाद रत्नमय पाषाण से बनाया। यह प्रासाद वार्धकीरत्न नामक स्थपति के द्वारा बनाया गया। बाद में कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्रसूरिजी ने सिंहनिषद्या प्रासाद का मनोहर वर्णन किया है जो स्थापत्यशास्त्र का उत्तम उदाहरण स्वरूप है। तत्पश्चात् जो वर्णन होता है वह भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। जिसमें कहा गया है कि भरत महाराजा के केवलज्ञान प्राप्त होने के पश्चात् वह भी संयम ग्रहण करके संसार के भावि जीवों को प्रतिबोध करते हुए, भूमि को पावन करते हुए अष्टापद पर्वत पर पधारे और चतुर्विध आहार का प्रत्याख्यान कर के अनशन स्वीकार किया।

प्रायः इसी प्रकार का वर्णन हमें सभी ग्रन्थों में प्राप्त होता है। ज्ञानप्रकाश दीपार्णव, अष्टापद गिरिकल्प, बृहद् कल्पभाष्य वृत्ति, अष्टापद स्तवन, वसुदेव हिंडी, आदि ग्रन्थो में अष्टापद के उल्लेख प्राप्त होते हैं।

एक और उल्लेख प्राप्त होता है, वह है अष्टापदगिरि कल्प का इस जम्बूद्वीप के दक्षिणार्द्ध भरत में भारत वर्ष में नव योजन चौडी और बारह योजन लम्बी अयोध्या नामक नगरी है। यह नगरी ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदन स्वामी, सुमतिनाथ, अनंतनाथ आदि जिनेश्वरों की जन्मभूमि है। उसके उत्तरदिशा में बारह योजन पर अष्टापद नाम का पर्वत है। उसके अन्य नाम कैलाश, रम्यगिरि, धवलगिरि, आदि हैं। वह आठ योजन ऊँचा है। स्वच्छ स्फटिकमय है। एवं अयोध्या के बाहर उड्डयकुट पर खड़े रहने पर आकाश स्वच्छ होने पर अष्टापद के धवल शिखरों के दर्शन होते हैं।

इसके पश्चात् अजितनाथ भगवान् के समय में सगर चक्रवर्ती के पुत्र, मुनिसुव्रत स्वामी, गौतमस्वामी, रावण का अष्टापद के साथ सम्बन्ध मिलता है।

इस प्रकार सर्वप्रथम ऋषभदेव भगवान् का अष्टापद के साथ सम्बन्ध था। वह जब-जब अयोध्या की ओर आते थे तब-तब अष्टापद पर्वत पर रूकते थे और राजा एवं प्रजा को धर्मोपदेश देते थे। किन्तु वर्तमान अयोध्या के उत्तर भाग में ऐसा कोई पर्वत नहीं जिसे हम अष्टापद मान सकें ।

वर्तमान भूगोल के अनुसार कैलाश पर्वत तिब्बत में आया हुआ है और वह मानसरोवर की उत्तर में २५ माइल की दूरी पर है। इस पर्वत का शिखर हमेशा हिमाच्छादित रहता है और उस पर चढना अति कठिन है। उसके पास अष्टापद पर्वत होने की संभावना है। उत्तराध्ययन निर्युक्ति में कहा गया है कि—

**चरम सरीरो साहू आउहइ नगवरं, न अन्नो त्ति।**
**(अ. १० गाथा २९०)**

**अर्थात्**— जो साधु चरम शरीरी होते हैं वही इस नगवर अष्टापद पर्वत पर चढ़ सकते हैं। इन सब से हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि अष्टापद पर्वत पर चढ़ना अतिदुर्गम था। और कुछ समय बाद लुप्त हो गया।

## ⁕ अष्टापद लुप्त होने के कारण :

मुनिश्री कल्याण विजयजी ने अष्टापद लुप्त होने के कारणों की चर्चा निबन्धनिश्चय नामक ग्रन्थ में की है। उनके अनुसार अत्यन्त ठण्डी एवं हिमाच्छादित पर्वतमाला के कारण वहाँ जाना दुर्गम हो गया और बाद में लुप्त हो गया होगा।

दूसरा कारण भरत ने रत्नमन्दिर बनाया और उसकी सुरक्षा के लिए यंत्र मानव की रचना की थी अर्थात् आम जनता के लिए वह तीर्थ दुर्गम बन गया केवल देवताओं के लिए ही यह तीर्थ सुगम था।

तीसरे महत्त्वपूर्ण कारण की चर्चा करते हुए कहा है कि सगर चक्रवर्ती के पुत्रों ने अष्टापद के चारों तरफ खाई खोदी थी जिसके कारण वहाँ पहोंचना दुर्गम हो गया था।

इस प्रकार भगवान् ऋषभदेव के निर्वाण के पश्चात् कुछ ही समय बाद इस तीर्थ की यात्रा करना दुर्गम हो गया था। अतः ऋषभदेव के समय की चर्चा करना आवश्यक है।

## ⁕ ऋषभदेव भगवान् का संक्षिप्त परिचय :

शास्त्रों में प्राप्त जीवन चरित्र के आधार पर प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान् का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है। पिता का नाम नाभिराजा, माता का नाम मरुदेवी माता था। परमात्मा का लांछन ऋषभ था। जन्म अयोध्या नगरी में हुआ था। देश कोशल था। परमात्मा के यक्ष का नाम गोमुख एवं यक्षी का नाम चक्केश्वरी है। शरीर की ऊँचाई ५०० धनुष्य की मानी जाती है। भव संख्या १३ हैं। परमात्मा का जन्मदिन फाल्गुन वदी ८ मी है। उनकी कुमारावस्था २० लाख पूर्व की एवं राज्यावस्था ६३ लाख पूर्व की थी। उनकी दो पत्नीयाँ सुमंगला एवं सुनंदा थीं। परमात्मा का छद्मस्थ काल १००० वर्ष का, कुल दीक्षा पर्याय १ लाख पूर्व का था। केवलज्ञान अयोध्या नगरी में हुआ था और निर्वाण भूमि अष्टापद पर्वत थी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पिता -** | **नाभिराजा** | **माता -** | **मरुदेवी** |
| **लांछन -** | **ऋषभ** | **जन्म -** | **अयोध्या** |
| **देश -** | **कोशल** | | |
| **यक्ष -** | **गोमुख** | **यक्षी -** | **चक्केश्वरी** |
| **शरीर की ऊँचाई -** | **५०० धनुष्य** | | |
| **जन्मदिन -** | **फाल्गुन कृष्ण ८ मी** | | |
| **कुमारावस्था -** | **२० लाख पूर्व** | **राज्यावस्था -** | **६३ लाख पूर्व** |
| **पत्नी -** | **सुमंगला एवं सुनंदा** | | |
| **छद्मस्थकाल -** | **१००० वर्ष** | **केवलज्ञान -** | **अयोध्या** |
| **कुल दीक्षा पर्याय -** | **१ लाख पूर्व** | | |
| **आयुष्य -** | **८४ लाख पूर्व** | **निर्वाणभूमि -** | **अष्टापद पर्वत** |

ऋषभदेव भगवान् का समय तृतीय आरा का अन्तभाग माना जाता है। जैन धर्म के अनुसार दश कोडाकोड़ी सागरोपम की एक अवसर्पिणी तथा उतने ही सागरोपम की एक उत्सर्पिणी होती है। इनमें प्रत्येक के छह छह भेद हैं। जिसमें वस्तुओं की शक्ति क्रम से घटती जाती है उसे अवसर्पिणी काल और जिसमें बढ़ती जाती हैं उसे उत्सर्पिणी काल कहते हैं। इनका अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी नाम सार्थक है। (१) सुष्मा-सुष्मा, (२) सुष्मा, (३) सुष्मा-दुष्मा, (४) दुष्मा-सुष्मा, (५) दुष्मा और (६) दुष्मा-दुष्मा

ये अवसर्पिणी के छह भेद हैं। इसके उल्टे अर्थात् (१) दुष्मा-दुष्मा, (२) दुष्मा, (३) दुष्मा-सुष्मा, (४) सुष्मा-दुष्मा (५) सुष्मा और सुष्मा-सुष्मा ये छह उत्सर्पिणी के भेद हैं। प्रारम्भ के तीन कालों का प्रमाण क्रम से चार कोडाकोडी सागर, तीन कोडाकोडी सागर है। चौथे का काल प्रमाण बयालीस हजार वर्ष न्यून एक कोडाकोडी सागरोपम है। पाँचवें और छठ्ठे का काल २१-२१ हज़ार वर्ष प्रमाण है। जिस प्रकार दश कोडाकोड़ी सागर का अवसर्पिणी काल है उसी प्रकार दश कोडा कोडी सागरोपम उत्सर्पिणी काल है। उत्सर्पिणी एवं अवसर्पिणी दोनों मिलाकर कालचक्र कहलाता है। इन दोनों काल के समय भरत-ऐरावत क्षेत्र में पदार्थों की स्थिति हानि एवं वृद्धि के लिए होती है। इन दो क्षेत्र के सिवाय अन्य क्षेत्रों में पदार्थों की स्थिति हानिवृद्धि से रहित है।

सागरोपम का कालमान समझने के लिए हमें योजन एवं पल्य का माप जानना आवश्यक है। जो इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| आठ अवसंज्ञा | = | एक संज्ञा-संज्ञा |
| आठ संज्ञा-संज्ञा | = | एक त्रुटीरेणु |
| आठ त्रुटीरेणु | = | एक त्रसरेणु |
| आठ त्रसरेणु | = | एक रथरेणु |
| आठ रथरेणु | = | एक उत्तम भोगभूमिज मनुष्य के बाल का अग्रभाग। |
| आठ बालाग्र | = | मध्यम भोगभूमिज मनुष्य का बालाग्र |
| आठ मध्यम भोगभूमिज बालाग्र | = | जधन्य भोगभूमिज बालाग्र |
| आठ ज. भो. बालाग्र | = | कर्मभूमि भोगभूमिज बालाग्र |
| आठ बालाग्र | = | १ लीख |
| आठ लीख | = | १ जुआँ |
| आठ जुआँ | = | १ जव |
| ८ जव | = | १ उत्सेधांगुल (शरीरमाप के लिए) |

उत्सेधांगुल को पाँच सौ का गुणा करने पर एक प्रमाणांगुल होता है । यह प्रमाणांगुल अवसर्पिणी के प्रथम चक्रवर्ती का अंगुल है।

अपने अपने समय में मनुष्य का जो अंगुल होता है वह स्वांगुल।

| | | |
|---|---|---|
| ६ अंगुल | = | १ पाद |
| दो पाद | = | १ वितस्ति |
| दो वितस्ति | = | १ हाथ |
| दो हाथ | = | एक किष्कु |
| दो किष्कु | = | १ दण्ड धनुष्य नाडी |

८ हजार दण्डों का एक योजन कहा गया है।

**※ अब पल्य से लेकर सागर का प्रमाण :**

एक ऐसा गर्त बनाया जाए जो एक योजन बराबर लम्बा-चौड़ा तथा गहरा हो जिसकी परिधि इससे कुछ अधिक गुनी हो तथा जिसके चारों तरफ दीवारें बनाई जाएँ। इसमें एक से लेकर सात दिन के बालक

के बाल (जिस के दूसरे टुकडे न हो सकें वैसे बालों से) भरा जाए। ऐसे गर्त को व्यवहार पल्य कहा जाता है। सौ-सौ वर्ष के बाद एक-एक बाल का टुकडा उस गर्त से निकाला जाए और जितने समय में वह खाली हो जाए उतने समय को व्यवहार पल्योपम काल कहते हैं।

एक और अद्धा पल्योपम है। पूर्वोक्त पल्य को बालों से भरा जाए। उनमें से एक-एक समय के बाद एक-एक टुकडे को निकालने पर जितने समय में वह खाली हो जाए उतने समय को अद्धा पल्योपम काल कहते हैं। आयु का प्रमाण बतलाने के लिए इसका उपयोग होता है। दस कोडा-कोडी अद्धा पल्यो का अद्धा सागर होता है। इसके द्वारा संसारी जीवों की आयु, कर्म तथा संसार की स्थिति जानी जाती है।

पल्योपम एवं सागरोपम के परिमाण का सविस्तार वर्णन व्याख्याप्रज्ञप्ति एवं अनुयोगद्वार सूत्र तथा तिलोयपण्णत्ति में प्राप्त होता है तदनुसार पल्योपम तीन प्रकार के हैं (१) उद्धार पल्योपम, (२) अद्धा पल्योपम, (३) क्षेत्र पल्योपम । उसी प्रकार सागरोपम के भी तीन प्रकार हैं यथा (१) उद्धार सागरोपम, (२) अद्धा सागरोपम एवं (३) क्षेत्र सागरोपम ।

वैदिक परम्परा के अनुसार काल को चार युगों में विभाजित किया गया है। कलियुग, द्वापर, त्रेता एवं सतयुग।

कलियुग ४'३२'००० वर्ष का माना गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| २ कलियुग | = | १ द्वापर | ८६४००० |
| ३ कलियुग | = | १ त्रेता | १२,९६,००० |
| ४ कलियुग | = | १ सत्युग | १७,२८,००० |

चार युगों का १ चतुर्युगी

७१ चतुर्युगी का एक मन्वन्तर

१४ मन्वन्तर एवं साध्यांश के १५ सत्युग का एक कल्प

कल्प बराबर ४३२ x १०७ = ४.३ x १०$^{९}$ वर्ष

४३२०००००००

ब्रह्माण्ड की आयु १-४ x १०१० वर्ष ।

इस प्रकार प्राचीन काल में जो पल्य और सागर के प्रमाण हैं उसके सही रूप को समझकर ही हम श्री आदिनाथ भगवान् का समय निश्चित कर पायेंगे ।

# 7

# ।। प्राचीन जैन तीर्थ ।।

**पण्डित कल्याणविजयजी गणी**

*** उपक्रम :**

पूर्वकाल में 'तीर्थ' शब्द मौलिक रूप से जैन प्रवचन अथवा चतुर्विध संघ के अर्थ में प्रयुक्त होता था, ऐसा जैन आगमों से ज्ञात होता है। जैन प्रवचनकर्ता और जैनसंघ के संस्थापक होने से ही जिनदेव तीर्थंकर कहलाते हैं।

तीर्थ का शब्दार्थ यहाँ नदी समुद्र में उतरने अथवा उनसे बाहर निकलने का सुरक्षित मार्ग होता है। आज की भाषा में इसे घाट और बन्दर कह सकते हैं।

संसार समुद्र को पार कराने वाले जिनागम को और जैन-श्रमण संघ को भावतीर्थ बताया गया है, और इसकी व्युत्पत्ति **'तीर्यते संसारसागरो येन तत् तीर्थम्''** इस प्रकार की गई है, एवं नदी समुद्रों को पार कराने वाले तीर्थों को द्रव्य तीर्थ माना गया है।

उपर्युक्त तीर्थों के अतिरिक्त जैन-आगमों में कुछ और भी तीर्थ माने गये हैं, जिन्हें पिछले ग्रन्थकारों ने स्थावर-तीर्थों के नाम से निर्दिष्ट किया है, और वे दर्शन की शुद्धि करने वाले माने गये हैं। इन स्थावर तीर्थों का निर्देश आचारांग, आवश्यक आदि सूत्रों की निर्युक्तियों में मिलता है, जो मौर्यकालीन ग्रन्थ हैं।

(क) जैन स्थावर तीर्थों में (१) अष्टापद, (२) उज्जयन्त, (३) गजाग्रपद, (४) धर्मचक्र, (५) अहिच्छत्र पार्श्वनाथ, (६) रथावर्त पर्वत, (७) चमरोत्पात, (८) शत्रुंजय, (९) सम्मेतशिखर और (१०) मथुरा का देव निर्मित स्तूप इत्यादि तीर्थों का संक्षिप्त अथवा विस्तृत वर्णन जैनसूत्रों तथा सूत्रों की निर्युक्ति व भाष्यों में मिलता है।

(ख) (१) हस्तिनापुर, (२) शौरीपुर, (३) मथुरा, (४) अयोध्या, (५) काम्पिल्यपुर, (६) वाराणसी (काशी), (७) श्रावस्ती, (८) क्षत्रियकुण्ड, (९) मिथिला, (१०) राजगृह, (११) अपापा (पावापुरी), (१२) भद्दिलपुर, (१३) चम्पापुरी, (१४) कौशाम्बी, (१५) रत्नपुर, (१६) चन्द्रपुरी आदि स्थान भी तीर्थंकरों की जन्म, दीक्षा, ज्ञान, निर्वाण की भूमियाँ होने के कारण जैनों के

---

**Various Jain Tirth Vol. IV Ch. 21-E, Pg. 1190-1192 & Nibandh Nischay Vol. I Ch. 1-D, Pg. 67-70**

प्राचीन तीर्थ थे, परन्तु वर्तमान समय में इनमें से अधिकांश विलुप्त हो चुके हैं। कुछ कल्याणक भूमियों में आज भी छोटे-बड़े जिन मन्दिर बने हुए हैं, और यात्रिक लोग दर्शनार्थ जाते भी हैं। परन्तु इनका पुरातन महत्त्व आज नहीं रहा। इन तीर्थों को 'कल्याणक भूमि' कहते हैं।

(ग) उक्त तीर्थों के अतिरिक्त कुछ ऐसे भी स्थान जैन तीर्थों के रूप में प्रसिद्ध हुए थे जिनमें से कुछ तो आज नाम शेष हो चुके हैं, और कुछ विद्यमान भी हैं। इनकी संक्षिप्त नाम सूचना यह है — (१) प्रभास पाटन - चन्द्रप्रभ, (२) स्तम्भ तीर्थ - स्तम्भन पार्श्वनाथ, (३) भृगुकच्छ अश्वावबोध शकुनिका विहार - मुनिसुव्रत, (४) सूरपार्क (नालासोपारा), (५) शंखपुर- शंखेश्वर पार्श्वनाथ, (६) चारूप - पार्श्वनाथ, (७) तारंगाहिल -अजितनाथ, (८) अर्बुदगिरि (माउण्ट आबू), (९) सत्यपुरीय-महावीर, (१०) स्वर्णगिरि - महावीर, (११) करहेटक-पार्श्वनाथ, (१२) विदिशा (भिलसा), (१३) नासिक्य-चन्द्रप्रभ, (१४) अन्तरिक्ष-पार्श्वनाथ, (१५) कुल्पाक-आदिनाथ, (१६) खण्डगिरि (भुवनेश्वर), (१७) श्रवण बेलगोला इत्यादि अनेक जैन प्राचीन तीर्थ प्रसिद्ध हैं। इनमें जो विद्यमान हैं, उनमें कुछ तो मौलिक हैं, तथा कतिपय प्राचीन तीर्थों के स्थानापन्न नवनिर्मित जिनचैत्यों के रूप में अवस्थित हैं। तीसरी श्रेणी के जैनतीर्थों को हम पौराणिक तीर्थ कहते हैं। इनका प्राचीन जैन साहित्य में वर्णन न होने पर भी कल्पों, जैन चरित्रग्रन्थों तथा प्राचीन स्तुति, स्तोत्रों में इनकी महिमा गायी गई है।

उक्त तीन वर्गों में से इस लेख में हम प्रथम वर्ग के सूत्रोक्त तीर्थों का ही संक्षेप में निरूपण करेंगे।

*** सूत्रोक्त तीर्थ :**

आचारांग निर्युक्ति की निम्नलिखित गाथाओं में प्राचीन जैनतीर्थों का नाम निर्देश मिलता है।

**दंसण नाण चरिते तववेरग्गे य होई उ पसत्या।**
**जा य तहा ता य तहा सक्सणं बुच्छं सलक्खणओ।।३२९।।**

**तित्थगराण भगवओ पवयण पावयणि अइसइड्ढीणं।**
**अभिगमण नमण दरिसण कित्तण संूपअणा थुणणा।।३३०।।**

**जम्माभिसेय निक्खमण चरण नाणुप्पया य निव्वाणे।**
**दिय लोअभवण मंदर नंदीसर भोम नगरेसुं।।३३१।।**

**अट्ठावमुज्जिंते गयग्गपयए य धम्मचक्के य।**
**पास रहावत्तंग चमरूप्पायं च वंदामि।।३३२।।**

अर्थात् दर्शन, सम्यक्त्व—ज्ञान, चारित्र, तप, वैराग्य, विनय-विषयक भावनाएँ जिन कारणों से शुद्ध बनती हैं, उनको स्वलक्षणों के साथ कहूँगा ।।३२९।।

तीर्थंकर भगवन्तों के, उनके प्रवचन के, प्रवचन-प्रचारक आचार्यों के, केवल, मनःपर्यव, अवधिज्ञान, वैक्रयादि अतिशय लब्धिधारी मुनियों के सन्मुख जाने, नमस्कार करने, उनका दर्शन करने, उनके गुणों का

कीर्त्तन करने, उनकी अन्न वस्त्रादि से पूजा करने से दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप, वैराग्य सम्बन्धी गुणों की शुद्धि होती है।।३३०।।

जन्मकल्याणक स्थान, जन्माभिषेक स्थान, दीक्षा स्थान, श्रमणावस्था की विहार भूमि, केवल ज्ञानोत्पत्ति का स्थान, और निर्वाण कल्याणक भूमि को तथा देवलोक असुरादि के भवन, मेरु पर्वत, नन्दीश्वर के चैत्यों और व्यन्तरदेवों के भूमिस्थ नगरों में रही हुई जिनप्रतिमाओं की तथा (१) अष्टापद, (२) उज्जयंत, (३) गजाग्रपद, (४) धर्मचक्र, (५) अहिच्छत्रस्थित पार्श्वनाथ, (६) रथावर्त - पदतीर्थ, (७) चमरोत्पात आदि नामों से प्रसिद्ध जैनतीर्थों में स्थित जिनप्रतिमाओं को मैं वन्दन करता हूँ।

निर्युक्तिकार भगवान् भद्रबाहु स्वामी ने तीर्थंकर भगवन्तों के जन्म, दीक्षा, विहार, ज्ञानोत्पत्ति, निर्वाण आदि के स्थानों को तीर्थ स्वरूप मानकर वहाँ रहे हुए जिनचैत्यों को वंदन किया है। यही नहीं, परन्तु राजप्रश्नीय, जीवाभिगम, स्थानांग भगवती आदि सूत्रों में वर्णित देव स्थित, असुर-भवन स्थित, मेरुपर्वत स्थित, नन्दीश्वर द्वीप स्थित, और व्यन्तर देवों के भूमि-गर्भ स्थित नगरों में रहे हुए चैत्यों की शाश्वत जिनप्रतिमाओं को भी वन्दन किया है।

निर्युक्ति की गाथा ३३२ वीं में निर्युक्तिकार से तत्कालीन भारतवर्ष में प्रसिद्धि पाये हुए सात अशाश्वत जैन-तीर्थों को वन्दन किया है, जिनमें एक छोड़कर शेष सभी प्राचीन तीर्थ विच्छिन्न हो चुके हैं। फिर भी शास्त्रों तथा भ्रमण वृत्तान्तों में इनका जो वर्णन मिलता है, उनके आधार पर इनका यहाँ संक्षेप में निरूपण किया जायेगा।

*** अष्टापद :**

अष्टापद पर्वत ऋषभदेवकालीन अयोध्या से उत्तर की दिशा में अवस्थित था। भगवान् ऋषभदेव जब कभी अयोध्या की तरफ पधारते तब अष्टापद पर्वत पर ठहरते थे, और अयोध्यावासी राजा-प्रजा उनकी धर्म-सभा में दर्शन वन्दनार्थ तथा धर्म श्रवणार्थ जाते थे। परन्तु वर्तमानकालीन अयोध्या के उत्तर दिशा भाग में ऐसा कोई पर्वत दृष्टिगोचर नहीं होता जिसे अष्टापद माना जा सके। इसके कारण अनेक ज्ञात होते हैं। पहला तो यह है कि उत्तरदिग् विभाग में भारत से लगी हुई पर्वत श्रेणियाँ उस समय में इतनी ठण्डी और हिमाच्छादित नहीं थीं, जितनी आज हैं। दूसरा कारण यह है कि अष्टापद पर्वत के शिखर पर भगवान् ऋषभदेव और उनके गणधर तथा अन्य शिष्यों का निर्वाण होने के बाद देवताओं ने तीन स्तूप और भरत चक्रवर्ती ने सिंहनिषद्या नामक जिनचैत्य बनवाकर उसमें चौवीस तीर्थंकरों की वर्ण-मानोपेत प्रतिमाएँ प्रतिष्ठित करवा कर चैत्य के द्वारों पर लोहमय यान्त्रिक द्वारपाल स्थापित किये थे। इतना ही नहीं, परन्तु पर्वत को चारों ओर से छिलवाकर सामान्य भूमिगोचर मनुष्यों के लिये शिखर पर पहुँचना अशक्य बनवा दिया था। उसकी ऊँचाई के आठ भाग कर क्रमशः आठ मेखलाएँ बनवाई थीं, इसी कारण से पर्वत का अष्टापद यह नाम प्रचलित हुआ था। भगवान् ऋषभदेव के इस निर्वाण स्थान के दुर्गम बन जाने के बाद देव, विद्याधर, विद्याचारण, लब्धिधारी मुनि और जंघाचारण मुनियों के सिवाय अन्य कोई भी दर्शनार्थी अष्टापद पर नहीं जा सकता था; और इसी कारण से भगवान् महावीर स्वामी ने अपनी धर्म सभा में यह सूचन किया था कि जो मनुष्य अपनी आत्मशक्ति से अष्टापद पर्वत पर पहुँचता है वह इसी भव में संसार से मुक्त होता है।

अष्टापद के अप्राप्य होने का तीसरा कारण यह भी है कि सगर चक्रवर्ती के पुत्रों ने अष्टापद पर्वत स्थित जिनचैत्य स्तूप आदि को अपने पूर्वज वंश्य भरत चक्रवर्ती के स्मारक के चारों तरफ गहरी खाई खुदवाकर उसे गंगा के जलप्रवाह से भरवा दिया था, ऐसा प्राचीन जैन कथासाहित्य में किया गया वर्णन आज भी उपलब्ध होता है।

उपर्युक्त अनेक कारणों से हमारा अष्टापद तीर्थ जिसका निर्देश श्रुत केवली भगवान् भद्रबाहु स्वामी ने अपनी आचारांग निर्युक्ति में सर्वप्रथम किया है, हमारे लिये आज अदर्शनीय और अलभ्य बन चुका है।

आचारांग निर्युक्ति के अतिरिक्त आवश्यक निर्युक्ति की निम्नलिखित गाथाओं से भी अष्टापद तीर्थ का विशेष परिचय मिलता है :

**अह भगवं भवमहणो पुव्वाणमणूणयं सयसहस्सं।**
**अणुपुब्बि विहररिऊणं पत्ती अट्ठावयं सेलं।।४३३।।***

**अट्ठावयम्मि सेले चउदसभत्तेण सो महरिसीणं।**
**दसहिं। सहस्सेहि समं निव्वाणमणुत्तरं पत्तो।।४३४।।***

**निव्वाणं[१] चिइगागिई जिणस्स इक्खाग-सेसगाणं च।**
**सकहा ३ थूभ जिणहरे ४ जायग ५ तेणाऽहिअग्गिति।।४३५।।***

तब संसार दुःख का अन्त करने वाले भगवान् ऋषभदेव सम्पूर्ण एक लाख पूर्ववर्षों तक पृथ्वी पर विहार करके अनुक्रम से अष्टापद पर्वत पर पहुँचे, और छः उपवास के तप के अन्त में दस हजार मुनिगण के साथ सर्वोच्च निर्वाण को प्राप्त हुए।।४३३।।४३४।।

भगवान् और उनके शिष्यों के निर्वाणान्तर चतुर्निकायों के देवों ने आकर उनके शवों के अग्नि संस्कारार्थ तीन चिताएँ बनवाईं। पूर्व में गोलाकार चिता तीर्थंकर के शरीर के दाहार्थ, दक्षिण में त्रिकोणाकार चिता इक्ष्वाकुवंश्य गणघरों के तथा महामुनियों के शवदाहार्थ बनवाई, और पश्चिम दिशा की तरफ चौकोर चिता शेष श्रमणगण के शरीर संस्कारार्थ बनवाई, और तीर्थंकर आदि के शरीर यथास्थान चिताओं पर रखकर अग्निकुमार देवों ने उन्हें अग्नि द्वारा सुलगाया, वायुकुमार देवों ने वायु द्वारा अग्नि को जोश दिया, और चर्म-मांस के जल जाने पर मेघकुमारों ने जलवृष्टि द्वारा चिताओं को ठण्डा किया। तब भगवान् के ऊपरी बांये जबड़े की शक्रेन्द्र ने, दाहिनी तरफ की ईशानेन्द्र ने, तथा निचले जबड़े की बांई तरफ की चमरेन्द्र ने, और दाहिनी तरफ की दाढ़ें बलीन्द्र ने ग्रहण की। इन्द्रों के अतिरिक्त शेष देवों ने भगवान् के शरीर की अन्य अस्थियाँ ग्रहण कर लीं। तब वहाँ उपस्थित राजादि मनुष्यगण ने तीर्थङ्कर तथा मुनियों के शरीर दहन स्थानों की भस्म को भी पवित्र जानकर ग्रहण कर लिया। चिताओं के स्थान पर देवों ने तीन स्तूप बनवाये, और भरत चक्रवर्ती ने चौबीस तीर्थङ्करों की वर्णमानोपेत सपरिकर मुर्तियाँ स्थापित करने योग्य जिनगृह बनवाये। उस समय जिन मनुष्यों की चिताओं से अस्थि, भस्मादि नहीं मिला था, उन्होंने उसकी प्राप्ति

* यह गाथांक - निबन्ध निश्चय की है ।

के लिये देवों से बड़ी नम्रता के साथ याचना की, जिससे इस अवसर्पिणी काल में याचक शब्द प्रचलित हुआ। चिता कुण्डों में अग्नि चयन करने के कारण तीन कुण्डों में अग्नि स्थापन करने का प्रचार चला, और वैसा करने वाले आहिताग्नि कहलाये।

उपर्युक्त सूत्रोक्त वर्णन के अतिरिक्त भी अष्टापद तीर्थ से सम्बन्ध रखने वाले अनेक वृत्तान्त सूत्रों, चरित्रों, तथा (पौराणिक) प्रकीर्णक जैनग्रन्थों में मिलते हैं। परन्तु इन सब के वर्णनों द्वारा विषय को बढ़ाना नहीं चाहते।

# 8

# ।। भारत के दिगम्बर जैन तीर्थ ।।

## उत्तराखण्ड जनपद

**क्षेत्र– कैलाश (बद्रीनाथ, कैलाश, अष्टापद), श्रीनगर**

## अष्टापद

**बलभद्र जैन**

### * निर्वाण क्षेत्र :

अष्टापद निर्वाण क्षेत्र है ।

'अट्ठावयम्मि रिसहो' यह प्राकृत निर्वाण भक्ति की प्रथम गाथा का प्रथम चरण है। इसका अर्थ यह है कि ऋषभदेव भगवान् अष्टापद पर्वत से मुक्त हुए। अष्टापद दूसरा नाम कैलाश है।

हरिवंश पुराण के कर्ता और आचार्य जिनसेन ने भगवान् ऋषभदेव के मुक्ति-गमन से पूर्व कैलाश पर्वत पर ध्यानारूढ़ होने का बड़ा मार्मिक चित्रण किया है।

**इत्थं कृत्वा समर्थं भवजलधिजलोत्तारणे भावतीर्थं**
**कल्पान्तस्थायि भूयस्त्रिभुवनहितकृत् क्षेत्रतीर्थं च कर्तुम्।**
**स्वाभाव्यादारुरोह श्रमणगणसुरवातसम्पूज्यपादः**
**कैलासाख्यं महर्धि निषधमिव वृषादित्य इद्ध प्रभांढ्यः।।**

**–हरिवंश पुराण, १२–८०**

अर्थात् मुनिगण और देवों से पूजित चरणों के धारक श्री वृषभ जिनेश्वर संसाररूपी सागर के जल से पार करने में समर्थ रत्नत्रय रूप भावतीर्थ का प्रवर्तन कर कल्पान्त काल तक स्थिर रहनेवाले एवं त्रिभुवन जन हितकारी क्षेत्रतीर्थ को प्रवर्तन करने के लिए स्वभावतः कैलाश पर्वत पर इस तरह आरूढ़ हो गये, जिस तरह देदीप्यमान प्रभा का धारक वृष का सूर्य निषाधाचलपर आरूढ़ होता है।

इसके पश्चात् आचार्य ने कैलाशगिरि से भगवान् के मुक्ति-गमन का वर्णन करते हुए लिखा है-

**तस्मिन्नद्रौ जिनेन्द्रः स्फटिकमणिशिला जालरम्ये निषपण्णो।**
**योगानां सन्निरोधं सह दशभिरथो योगिनां यैः सहस्त्रैः।**
**कृत्वा कृत्वान्तमन्ते चतुरपदमहाकर्मभेदस्य शर्म–**
**स्थानं स्थानं स सैद्धं समगमदमलस्त्रग्धराभ्यर्च्यमानः ।।१२।८१**

Uttarakhand - Ashtapad Vol. XV Ch. 114-C, Pg. 6695-6707

अर्थात् स्फटिक मणि की शिलाओं से रमणीय उस कैलाश पर्वत पर आरूढ़ होकर भगवान् ने एक हजार राजाओ के साथ यग निरोध किया और अन्त में चार अघातिया कर्मों का अन्त कर निर्मल मालाओं के धारक देवो से पूजित हो अनन्त सुख के स्थानभूत मोक्ष स्थान को प्राप्त किया।

भरत और वृषभसेन आदि गणधरों ने भी कैलाश पर्वत से ही मोक्ष प्राप्त किया-

**शैलं वृषभसेनाद्यैः कैलाशमधिरुह्य सः।**
**शेषकर्मक्षयान्मोक्षमन्ते प्राप्तः सुरैः स्तुतः।।**

**-हरिवंशपुराण, १३।६**

मुनिराज भरत आयु के अन्त में वृषभसेन आदि गणधरों के साथ कैलाश पर्वत पर आरूढ़ हो गये और शेष कर्मों का क्षय करके वहीं से मोक्ष प्राप्त किया।

श्री बाहुबली स्वामी को कैलाश पर्वत से निर्वाण प्राप्त हुआ। इस सम्बन्ध में आचार्य जिनसेन आदिपुराण में उल्लेख करते हैं-

**इत्थं स विश्वविद्विश्वं प्रीणयन् स्ववचोऽमृतैः।**
**कैलासमचलं प्रापत् पूतं संनिधिना गुरोः ।। ३६।२०३**

अर्थात् समस्त विश्व के पदार्थों को जाननेवाले बाहुबली अपने वचनरूपी अमृत के द्वारा समस्त संसार को सन्तुष्ट करते हुए पूज्य पिता भगवान् ऋषभदेव के सामीप्य से पवित्र हुए कैलाश पर्वत पर जा पहुँचे।

अयोध्या नगरी के राजा त्रिदशंजय की रानी इन्दुरेखा थी। उनके जितशत्रु नामक पुत्र था। जितशत्रु के साथ पोदनपुर नरेश व्यानन्द की पुत्री विजया का विवाह हुआ था। द्वितीय तीर्थंकर अजितनाथ इन्हीं के कुलदीपक पुत्र थे। भगवान् के पितामह त्रिदशंजय ने मुनि-दीक्षा ले ली और कैलाश पर्वत से मुक्त हुए।

सगर चक्रवर्ती के उत्तराधिकारी भगीरथ नरेश ने कैलाश में जाकर मुनि-दीक्षा ली और गंगा-तट पर तप करके मुक्त[१] हुए।

प्राकृत निर्वाण भक्ति में अष्टापद से निर्वाण प्राप्त करनेवाले कुछ महापुरुषों का नाम-स्मरण करते हुए उन्हें नमस्कार किया गया है। उसमें आचार्य कहते हैं-

**णायकुमार मुणिन्दो बाल महाबाल चेव अच्छेया।**
**अट्ठावयगिरि-सिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं।।१५।।**

अर्थात् अष्टापद शिखर से व्याल, महाव्याल, अच्छेद्य, अभेद्य और नागकुमार मुनि मुक्त हुए।

हरिषेण चक्रवर्ती का पुत्र हरिवाहन था। उसने कैलाश पर्वत पर दीक्षा ली और वहीं से निर्वाण प्राप्त किया।

**हरिवाहन दुद्धर बहु धरहु। मुनि हरिषेण अंगु तउ चरिउ।।**
**घातिचउक्क कम्म खऊ कियऊ। केवल णाय उदय तव हयऊ।।**
**निरु सचराचरु पेखिउ लोउ। पुणि तिणिजाय दियउ निरुजोउ।।**
**अन्त यालि सन्यास करेय। अट्ठसिद्धि गुणि हियऊ धरेउ।।**
**सुद्ध समाधि चयेविय पाण। निरुवम सुह पत्तइ निव्वाण।।**

**-कवि शंकर कृत हरिषेण चरित, ७०७-७०९**
**(एक जीर्ण गुटकेपर-से-रचना काल १५२६)**

---

१. उत्तरपुराण, ४८/१४१

विविध तीर्थकल्प में आचार्य जिनप्रभ सूरि ने 'अष्टापद कल्प' नामक कल्प की रचना की है। उसमें लिखा है- इन्द्र ने अष्टापद पर रत्नत्रय के प्रतीक तीन स्तूप बनाये।

भरत चक्रवर्ती ने यहाँ पर सिंहनिषद्या बनवायीं, जिनमें सिद्ध प्रतिमाएँ विराजमान करायीं। इनके अतिरिक्त उन्होंने चौबीस तीर्थंकारों और अपने भाईयों की प्रतिमाएँ भी विराजमान करायीं। उन्होंने चौबीस तीर्थंकरों और निन्यानवे भाईयों के स्तूप भी बनवाये थे ।

भगवान् ऋषभदेव के मोक्ष जाने पर उनकी चिता देवों ने पूर्व दिशा में बनायी। भगवान् के साथ जो मुनि मोक्ष गये थे, उनमें जो इक्ष्वाकुवांशी थे, उनकी चिता दक्षिण दिशा में तथा शेष मुनियों की चिता पश्चिम दिशा में बनायी गयीं। बादमें तीनों दिशाओं में चिताओं के स्थान पर देवों ने तीन स्तूपों की रचना की।

अनेक जैन ग्रन्थों में उल्लेख मिलता है कि कैलाश पर भरत चक्रवर्ती तथा अन्य अनेक राजाओं ने रत्न प्रतिमाएँ स्थापित करायी थीं। यथा-

**कैलाश शिखरे रम्ये यथा भरतचक्रिणा ।**
**स्थापिताः प्रतिमा वर्ण्या जिनायतनपंवितपु ।।**
**तथा सूर्यप्रमेणापि...**

**-हरिषेण कथाकोष, ५६।५**

जिस प्रकार मनोहर कैलाश शिखर पर भरत चक्रवर्ती ने जिनालयों की पंक्तियों में नाना वर्णवाली प्रतिमाएँ स्थापित की थीं, उसी प्रकार सूर्यप्रभ नरेश ने मलयगिरि पर स्थापित कीं ।

भरत चक्रवर्ती ने चोवीस तीर्थंकरों की जो रत्न-प्रतिमाएँ प्रतिष्ठित की थीं, उनका अस्तित्व कब तक रहा, यह तो स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता, किन्तु इन मन्दिरों और मूर्तियों का अस्तित्व चक्रवर्ती के पश्चात् सहस्राब्दियों तक रहा, इस प्रकार के स्फुट उल्लेख जैन वाङ्मय में हमें यत्र-तत्र मिलते हैं। द्वितीय चक्रवर्ती सगर के साठ हजार पुत्रों ने जब अपने पिता से कुछ कार्य करने की आज्ञा माँगी तब विचार कर चक्रवर्ती बोले-

**राज्ञाप्याज्ञापिता यूयं कैलासे भरतेशिना।**
**गृहाः कृता महारत्नेश्चततुविशतिरर्हताम्।।**
**तेषां गङ्गां प्रकुर्वीध्यं परिखां परितां गिरिम्।**
**इति तेऽपि तथाकुर्वन् दण्डरत्नेन सत्त्वरम्।।**

**-उत्तरपुराण, ४८।१०७-१०८**

अर्थात् राजा सगर ने भी आज्ञा दी कि भरत चक्रवर्ती ने कैलाश पर्वत पर महारत्नों से अरहन्तों के चौबीस मन्दिर बनवाये थे। तुम लोग उस पर्वत के चारों ओर गंगा नदी को उन मन्दिरों की परिखा बना दो। उन राजपुत्रों ने भी पिता की आज्ञानुसार दण्डरत्न से वह काम शीघ्र ही कर दिया।

इस घटना के पश्चात् भरत चक्रवर्ती द्वारा कैलाश पर्वत पर बनाये हुए जिन मन्दिरों का उल्लेख वाली मुनि के प्रसंग में आता है। एक बार लंकापति दशानन नित्यालोक नगर के नरेश नित्यालोक की पुत्री रत्नावली से विवाह करके आकाश मार्ग से जा रहा था। किन्तु कैलाश पर्वत के ऊपर से ऊड़ते समय उसका पुष्पक विमान सहसा रुक गया। दशानन ने विमान रुकने का कारण जानना चाहा तो उसके

अमात्य मारीच ने कहा- ''देव! कैलाश पर्वत पर एक मुनिराज प्रतिमा-योग से विराजमान हैं। वे घोर तपस्वी प्रतीत होते हैं। इसीलिए यह विमान उनको अतिक्रमण नहीं कर सका है। दशानन ने उस पर्वत पर उतर मुनिराज के दर्शन किये। किन्तु वह देखते ही पहचान गया कि यह वाली है। उसके साथ अपने पूर्व संघर्ष का स्मरण करके वह बड़े क्रोध में बोला- अरे दुर्बुद्धि ! तू बड़ा तप कर रहा है कि अभिमान से मेरा विमान रोक लिया, मैं तेरे इस अहंकार को अभी नष्ट किये देता हूँ। तू जिस कैलाश पर्वत पर बैठा है, उसे उखाड़ कर तेरे ही साथ अभी समुद्र में फेंकता हूँ।'' यह कहकर दशानन ने ज्योंही अपनी भुजाओं से विद्या-बल की सहायता से कैलाश को उठाना प्रारम्भ किया, मुनिराज वाली ने अवधिज्ञान से दशानन के दस दृष्कृत्य को जान लिया। तब वे विचार करने लगे–

**कारितं भरतेनेदं जिनायगतनमूत्तमम्।**
**सर्वरत्नमयं तुङ्गं बहुरुप विराजितम्।।**
**प्रत्यहं भक्तिसंयुक्तैः कृतपूजं सुरासुरैः।**
**मा विनाशि चलत्यस्मिन् पर्वते भिन्न पर्वणि।।**

**–पद्मपुराण ९।१४७–१४८**

अर्थात् भरत चक्रवर्ती ने ये नाना प्रकार के सर्व रत्नमयी ऊँचे-ऊँचे जिनमन्दिर बनवाये हैं। भक्ति से भरे हुए सुर और असुर प्रतिदिन इनकी पूजा करते हैं। अतः इस पर्वत के विचलित हो जानेपर कहीं ये जिनमन्दिर नष्ट न हो जायें।

ऐसा विचार कर मुनिराज ने पर्वत को अपने पैर के अंगूठे से दबा दिया। दशानन दब गया और बुरी तरह रोने लगा। तभी से उसका नाम रावण पड़ गया। तब दयावश उन्होंने अँगूठा ढ़ीला कर दिया और रावण पर्वत के नीचे से निकलकर निरभिमान हो मुनिराज की स्तुति करने लगा । महामुनि वाली घोर तपस्या करके कैलाश से मुक्त हुए।

इस घटना से यह निष्कर्ष निकलता है कि उस काल तक भरत द्वारा निर्मित जिन-मन्दिर विद्यमान थे। किन्तु पंचम काल में ये नष्ट हो गये, इस प्रकार की निश्चित सूचना भविष्यवाणी के रूप में होती हैं-

**कैलास पर्वते सन्ति भवनानि जिनेशिनां।**
**चतुर्विशति संख्याति कृतानि मणिकाञ्चनैः।।**
**सुरासुर–नराधीशैर्वन्दितानि दिवानिशम्।**
**यास्यन्ति दुःषम काले नाशं तस्कारादिभिः।।**

**–हरिषेण बृहत्कथा, कोष ११९**

अर्थात् कैलाश पर्वत पर मणिरत्नों के बने हुए तीर्थंकरों के चौबीस भवन हैं। सुर, असुर और राजा लोग उनकी दिनरात वन्दना करते रहते हैं। दुःषम (पंचम) काल में तस्कार आदि के द्वारा वे नष्ट हो जायेंगे।

जैन पुराण-ग्रन्थों से ज्ञात होता है कि चतुर्थ काल में कैलाश यात्रा का बहुत रिवाज था। विद्याधर विमानों द्वारा कैलाश की यात्रा को जाते रहते थे। अंजना और पवनंजय का विवाह सम्बन्ध कैलाश की यात्रा के समय ही हुआ था। पवनंजय के पिता राजा प्रह्लाद और अंजना के पिता राजा महेन्द्र दोनों ही

फाल्गुनी अष्टाह्निका में कैलाश की वन्दना के लिए गये थे। वहीं पर दोनों मित्रों ने अपने पुत्र और पुत्रीका सम्बन्ध कर विवाह कर दिया।

विद्याधरों की कैलाश-यात्रा के ऐसे अनेक प्रसंगों का उल्लेख जैन पुराण साहित्य में उपलब्ध होता हैं:

*** कैलाश की स्थिति :**

कैलाश की आकृति ऐसे लिंगाकार की है जो षोडश दलवाले कमल के मध्य खड़ा हो। उन सोलह दलवाले शिखरों में सामने के दो श्रृँग झुककर लम्बे हो गये हैं। इसी भाग से कैलाश का जल गौरी कुण्ड में गिरता है।

कैलाश इन पर्वतों में सबसे ऊँचा है । उसका रंग कसोटी के ठोस पत्थर जैसा है। किन्तु बर्फ में ढके रहेने के कारण वह रजत वर्ण प्रतीत होता है। दूसरे श्रृँग कच्चे लाल मटमेले पत्थर के हैं। कैलाश के शिखर की ऊँचाई, समुद्र तल से १९००० फुट है। इसकी चढ़ाई डेढ़ मील की है जो कि बहुत ही कठिन है ।

कैलाश की ओर ध्यान पूर्वक देखने से एक आश्चर्यजनक बात दृष्टि में आती है। वह यह है कि कैलाश के शिखर के चारों कोनों में ऐसी मन्दिराकृति स्वतः बनी हुई हैं, जैसे बहुत से मन्दिरों के शिखरों पर चारों ओर बनी होती हैं।

तिब्बत की ओर से यह पर्वत ढ़लानवाला है। उधर तिब्बतियों के बहुत मन्दिर बने हुए हैं। बहुत से तिब्बती तो इसकी बत्तीस मील की परिक्रमा दण्डवत् प्रणिपात द्वारा लगाते हैं। 'लिंग-पूजा' शब्द का प्रचलन तिब्बत से ही प्रारम्भ हुआ है। तिब्बती भाषा में लिंग का अर्थ क्षेत्र[१] या तीर्थ है। अतः लिंग-पूजा का अर्थ तीर्थ-पूजा हुआ।

*** कैलाश और अष्टापद :**

प्राकृत निर्वाण भक्ति में 'अट्ठावयम्मि रिसहो 'अर्थात् ऋषभदेव की निर्वाण भूमि अष्टापद बतलायी गयी है। किन्तु कहीं 'कैलाशे वृषभस्य निर्वृत्तिमही' अर्थात् कैलाश को ही ऋषभदेव की निर्वाण भूमि माना है। संस्कृत निर्वाण भक्ति में भी अष्टापद के स्थान पर कैलाश को ही ऋषभदेव का निर्वाण धाम माना गया है। (कैलाशशैलशिखरे परिनिर्वृतोऽसौ । शैलोशिभावमुपपद्य वृषो महात्मा ।।) निर्वाण-क्षेत्रों का नामोल्लेख करते हुए संस्कृत निर्वाण काण्ड में एक स्थान पर कहा गया है- 'सहयाचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे।' इसमें सम्पूर्ण हिमवान् पर्वत को ही सिद्धक्षेत्र माना गया है।

यहाँ विचारणीय यह है कि क्या कैलाश और अष्टापद पर्यायवाची शब्द हैं? यह भी अवश्य विचारणीय है कि कैलाश अथवा अष्टापद को निर्वाण क्षेत्र मान लेने के पश्चात् हिमालय पर्वत को निर्वाण भूमि माना गया तो उसमें कैलाश नामक पर्वत तो स्वयं अन्तर्भूत था, फिर कैलाश को पृथक् निर्वाण क्षेत्र क्यों माना गया? इस प्रकार के प्रश्नों का समाधान पाये बिना उपर्युक्त आर्ष कथनों में सामंजस्य नहीं हो पाता।

पहले प्रश्न का समाधान हमें विविध तीर्थकल्प (अष्टापद गिरि कल्प ४९) में मिल जाता है। उसमें लिखा है—

---

१. It may be mentioned here that Linga is a Tibetan word for land. The Northern most district of Bengal is called Dorjiling, which means Thunder's land. - S.K.Roy (Pre-Historic India and Ancient Egypt, pg. 28).

**''तीसे (अउज्झा) अ उत्तरदिसाभाए वारसाजोअणेसुं अट्ठावओ नाम कैलासापरभिहाणो रम्भो नगवरो अट्ठजोअणुच्ची सच्छफालिहसिलामओ, इत्तुच्चिअलोगे धवलगिरित्ति पसिद्धो।''**

अर्थात् अयोध्या के उत्तर दिशा भाग में बारह योजन दूर अष्टापद नामक सुरम्य पर्वत है, जिसका दूसरा नाम कैलाश है। यह आठ योजन ऊँचा है और निर्मल स्फटिक शिलाओं से युक्त है। यह लोक में धवलगिरि के नाम से भी प्रसिद्ध है।

इस उल्लेख से यह सिद्ध हो जाता है कि अष्टापद, कैलाश और धवलगिरि ये सब समानार्थक और पर्यायवाची हैं।

इससे पहले प्रश्न का उत्तर तो मिल जाता है कि अष्टापद और कैलाश पर्यायवाची हैं, किन्तु शेष प्रश्नों का उत्तर खोजना शेष रह जाता है। सम्पूर्ण हिमालय को सिद्ध क्षेत्र मान लेने पर अष्टापद और कैलाश का पृथक् सिद्धक्षेत्र के रूप में उल्लेख करने की क्या संगति हो सकती है ? किन्तु गहराई से विचार करने पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अष्टापद और कैलाश हिमवान् या हिमालय के नामान्तर मात्र हैं । धवलगिरि शब्द से इस बातका समर्थन हो जाता है । हिमालय हिम के कारण धवल है, इसलिए वह धवलगिरि भी कहलाता है । अतः धवलगिरि के समान हिमालय को भी अष्टापद और कैलाश का पर्यायवाची समझ लेना चाहिए।

इस मान्यता को स्वीकार कर लेने पर यह निष्कर्ष निकलता है कि कैलाश या अष्टापद कहने पर हिमालय में भागीरथी, अलकनन्दा और गंगा के तटवर्ती बदरीनाथ आदि से लेकर कैलाश नामक पर्वत तक का समस्त पर्वत प्रदेश आ जाता है। इसमें आजकल के ऋषिकेश, जोशीमठ, बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, जमनोत्री और मुख्य कैलाश सम्मिलित हैं। यह पर्वत प्रदेश अष्टापद भी कहलाता था; क्योंकि इस प्रदेश में पर्वतों की जो श्रृँखला फैली हुई है, उसके बड़े-बड़े और मुख्य आठ पद हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं- कैलाश, गौरीशंकर, द्रोणगिरि, नन्दा, नर, नारायण, बदरीनाथ और त्रिशूली।

जैन पुराणों से ज्ञात होता है कि जब ऋषभदेव राज्यभार संभाल ने योग्य हुए, तो महाराज नाभिराज ने उनका राज्याभिषेक कर दिया। (आदिपुराण १६।२२४)। जब ऋषभदेव नीलांजना अप्सरा की आकस्मिक मृत्यु के कारण संसार, शरीर और भोगों से विरक्त हो गये और दीक्षा ली, उस समय भी महाराज नाभिराय और रानी मरूदेवी अन्य लोगों के साथ तप कल्याणक का उत्सव देखने के लिए पालकी के पीछे रहे थे। (आदिपुराण १७।१७८)। वन में पहुँचने पर ऋषभदेव ने माता-पिता और बन्धु-जनों से आज्ञा लेकर श्रमण-दीक्षा ले ली। (पद्मपुराण ३।२८२)। इन अवतरणों से यह तो स्पष्ट है कि तीर्थंकर ऋषभदेव के दीक्षा महोत्सव के समय उनके माता-पिता विद्यमान थे। किन्तु इसके बाद वे दोनों कितने दिन जीवित रहे अथवा उन्होंने अपना शेष जीवन किस प्रकार और कहाँ व्यतीत किया, इसके सम्बन्ध में जैन साहित्य में अभी तक कोई स्पष्ट उल्लेख हमारे देखने में नहीं आया। किन्तु इस विषय में हिन्दु पुराण 'श्रीमद्भागवत' में महर्षि शुकदेव ने जो विवरण प्रस्तुत किया है, वह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। महर्षि लिखते हैं-

**''विदितानुरागमापौर प्रकृति जनपदो राजा नाभिरात्मजं समयसेतु रक्षायामभिषिच्य सह मरुदेव्या विशालायां प्रसन्न निपुणेन तपसा समाधियोगेन... महिमानमवाप।''** **-श्रीमद्भागवत ५।४।५**

इसका आशय यह है कि जनता भगवान् ऋषभदेव को अत्यन्त प्रेम करती थी और उनमें श्रद्धा रखती थी। यह देखकर राजा नाभिराय धर्ममर्यादा की रक्षा करने के लिए अपने पुत्र ऋषभदेव का राज्याभिषेक

करके विशाल (बदरिकाश्रम) में मरुदेवी सहित प्रसन्न मन से घोर तप करते हुए यथाकाल जीवन्मुक्ति को प्राप्त हुए।

इस उल्लेख से स्पष्ट है कि बदरिकाश्रम (जिसे बदरी विशाल या विशाला भी कहते हैं) में नाभिराज जीवनमुक्त हुए। इस कारण यह स्थान तीर्थधाम बना। जहाँ माता मरुदेवी ने तपस्या की थी, वहाँ लोगों ने मन्दिर बनाकर उनके प्रति अपनी भक्ति प्रगट की। वह मन्दिर माणागाँव के निकट है। यह भारतीय सीमा पर अन्तिम भारतीय गाँव है। अलकनन्दा के उस पार माणगाँव है और इस पर माता का मन्दिर है। सम्भवतः जिस स्थान पर बैठकर नाभिराज ने जीवनमुक्ति प्राप्त की थी, उस स्थान पर उनके चरण स्थापित कर दिये गये। ये चरण बदरीनाथ मन्दिर के पीछे पर्वत पर बने हुए हैं। उनके निकट ही भगवान् ऋषभदेव के एक विशाल मन्दिर का भी निर्माण किया गया। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि यहाँ पर प्रथम चक्रवर्ती भरत ने यह मन्दिर बनवाया था। उन्हों ने कैलाश पर्वत पर जो ७२ स्वर्ण मन्दिर निर्मित कराये थे, बदरी विशाल का मन्दिर उनमें-से एक था। बदरी नामक छोटी झाड़ियाँ ही यहाँ मिलती हैं। यहाँ प्राचीन काल में मुनिजन तपस्या किया करते थे। इस कारण यहाँ मुनियों का आश्रम भी रहा होगा। अतः इसे बदरिकाश्रम कहने लगे और यहाँ के मूलनायक भगवान् को बदरीनाथ कहने लगे। आज भी यहाँ मन्दिर और ऋषभदेव की मूर्ति विद्यमान है। इन सब कारणों से स्पष्टतः यह जैनतीर्थ है।

सम्राट भरत ने ये मन्दिर एक ही स्थान पर नहीं बनवाये थे, अपितु वे उस विस्तीर्ण पर्वत प्रदेश के उन स्थानों पर बनवाये गये, जहाँ मुनियों ने तपस्या की अथवा जहाँ से उन्हें मुक्ति-लाभ हुआ।

# 9

# ।। मध्य एशिया और पंजाब में जैनधर्म ।।

**हीरालाल दुग्गड**

**प्रास्ताविक :**

मध्य एशिया और पंजाब में जैन धर्म — हीरालाल दुग्गड द्वारा लिखित यह पुस्तक सात अध्यायों में विभाजित है। जिसमें जैनधर्म की प्राचीनता जैन, साहित्य, जैन धर्म के प्रमुख संप्रदाय और पंजाब में उस समय जैन धर्म की परिस्थिति का विस्तृत वर्णन मिलता है।

ग्रन्थ का प्रथम अध्याय-जैन धर्म की प्राचीनता और लोकमत है। उसमें कैलाश पर्वत को ही अष्टापद मानकर उसका वर्णन किया गया है। जिसका अंश यहाँ प्रस्तुत किया गया है।

इस अंश में ऋषभदेव और शिव एक ही हैं। यह बात विभिन्न दृष्टि पूर्वक समझाने का प्रयन्त किया गया है। उसमें से अष्टापद के साथ संबन्धित अंश यहाँ प्रस्तुत किये हैं।

**(१) कैलाश -** अष्टापद पर्वत

श्री ऋषभदेव ने कैलाश (अष्टापद) पर्वत पर जाकर अनशनपूर्वक निर्वाण (शिवपद) प्राप्त किया था। शिव का धाम तथा तपस्या स्थान भी कैलाश माना जाता है ।

**(२) नासाग्रदृष्टि** - शिव को भी नासाग्रदृष्टि है । योगीश्वर ऋषभदेव ध्यानावस्था में सदा नासाग्रदृष्टि रखते थे ।

**(३) पद्मासनासीन-** श्री ऋषभदेव ने कैलाश (अष्टापद) पर्वत पर पद्मासन से ध्यानारूढ़ होकर शुक्लध्यान से मोक्ष प्राप्त किया । शिव भी पद्मासन में बैठे हुए दिखलाई पड़ते हैं ।

**(४) शिवरात्रि -** श्री ऋषभदेव ने माघ कृष्णा त्रयोदशी की रात्रि को कैलाश (अष्टापद) पर्वत पर निर्वाण (मोक्ष) पद प्राप्त किया था । कैलाश पर्वत तिब्बत की पहाड़ियों पर स्थित है । लिंगपूजा का शब्द तिब्बत से ही प्रारम्भ हुआ है । तिब्बती भाषा में लिंग का अर्थ इन्द्र द्वारा स्थापित तीर्थ अथवा क्षेत्र है ।[१] अतः लिंगपूजा का पर्व तिब्बती भाषा में तीर्थ या क्षेत्र पूजा[२] है । जैनागमों के अनुसार श्री ऋषभदेव के कैलाश पर्वत पर निर्वाण होने से नरेन्द्र (चक्रवर्ती भरत) तथा देवेन्द्रों द्वारा यहाँ आकर उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार किया था, और उनकी चिता स्थानों पर देवेन्द्रों ने तीन स्तूपों का निर्माण

१. जैनाचार्य जिनप्रभसूरि ने अपने विविध तीर्थकल्प में कई जैन तीर्थों का लिंग के नाम से उल्लेख किया है। यथा सिंहपुरे पातालिंगाभिधः श्री नेमिनाथः। अर्थात् पंजाब में सिंहपुर में पाताल लिंग (इन्द्र द्वारा निर्मित तीर्थक्षेत्र) नाम का नेमिनाथ का महातीर्थ है। (विविध तीर्थकल्प पृ. ८६ चतुरशिति महातीर्थनाम कल्प।)

२. It may be mentioned that linga is Tibetian word of Land.

**Ashtapad Parvat Vol. II Ch. 9-B, Pg. 434-437**

किया, तथा चक्रवर्ती भरत ने उन स्तूपों के समीपस्थ क्षेत्र में श्री ऋषभदेव से लेकर वर्धमान महावीर तक चौबीस तीर्थङ्करो की उन तीर्थङ्करों को शरीर तथा वर्ण के अनुरूप रत्नोंमयी प्रतिमाओं वाले जिनमन्दिर का निर्माण कराया था । इस प्रकार नरेन्द्र और देवेन्द्रों द्वारा इस तीर्थ की स्थापना हुई । तभी से (गुजराती) माघ वदि १३ को ऋषभदेव की निर्वाण रात्रि को देवों, दानवों, मानवों, देवेन्द्रों, नरेन्द्रों ने मिलकर प्रभु ऋषभदेव के निर्वाण कल्याणक की पूजा करके महाशिवरात्रि का पर्व मनाया, जो आजतक चालु है । कोई शिवलिंग के उदय (तीर्थ स्थापना) की तिथि माघ वदि १४ मानते हैं । इसका आशय यह प्रतीत होता है कि श्री ऋषभदेव के निर्वाण के दूसरे दिन वहाँ जिनमन्दिर और स्तूपों की नींव रखकर तीर्थक्षेत्र की स्थापना की होगी । इसलिए महाशिवरात्री माघ वदि १३ की तथा तीर्थ स्थापना (शिवलिंग का अवतार) माघ वदि १४ की मान्यता चालु हुई । भरत चक्रवर्ती ने जिस जिनमन्दिर का निर्माण कराया था उसका नाम सिंहनिषद्या रख दिया । सिंहनिषद्या के निर्माण के बाद भरत चक्रवर्ती ने कैलाश पर्वत को कारीगरों द्वारा तराश करवाकर एकदम सीधी बहुत ऊँची-ऊँची आठ सीढ़ियों के रूप में परिवर्तित कर दिया । ताकि दुष्ट लोग तथा मतांध लोग इसे हानि न पहुँचा सकें । तबसे इस पर्वत का नाम अष्टापद (आठ सीढ़ियों वाला) प्रसिद्ध हुआ । दक्षिण भारत तथा गुजरात सौराष्ट्र में वहाँ की माघ वदि १३ को शिवरात्रि मनाई जाती है । उत्तर भारत में फाल्गुण कृष्णा (वदि) त्रयोदशी को मनाई जाती है । यह अन्तर दक्षिण और उत्तर भारत के पँचांगों के अन्तर के कारण मालूम होता है । परन्तु वास्तव में दोनों में एक ही रात्रि आति है जिस रात्रि को यह पर्व मनाया जाता है । **('कालमाघवीयनागर खण्ड')** इस अन्तर पर स्पष्ट रूप से प्रकाश डालता है। जो इस प्रकार है ...

**"माघस्य शेषे या प्रथमे फाल्गुणस्य च ।**
**कृष्णा त्रयोदशी सा तु शिवरात्रिः प्रकीर्तितः ।।"**

अर्थात्... दक्षिण (गुजरात सौराष्ट्र आदि) भारत वालों के माघ मास के उत्तर पक्ष की तथा उत्तर भारत वालों के फाल्गुन मास के प्रथम पक्ष की कृष्णा त्रयोदशी को शिवरात्रि कही है । यानी उत्तर भारतवाले मास का प्रारम्भ कृष्ण पक्ष से मानते हैं और दक्षिण एवं पश्चिम भारत वाले मास का प्रारम्भ शुक्ल पक्ष से मानते है । पश्चात् जो कृष्ण पक्ष आता है वह दक्षिण व पश्चिम भारत वालों का माघ मास का कृष्ण पक्ष होता है और वही पक्ष उत्तर भारत वालों का फाल्गुन मास का कृष्ण पक्ष होता है । इसलिए गुजराती माघ कृष्णा त्रयोदशी को ही उत्तर भारत की फाल्गुन कृष्णा-त्रयोदशी को श्री ऋषभदेव का निर्वाण होने के कारण उसी वर्ष की रात्रि से प्रारम्भ होकर आज तक उत्तर भारत की फाल्गुन वदी त्रयोदशी की रात्रि को ही महाशिवरात्रि पर्व मानने की प्रथा चली आ रही है । इसलिए इस पर्व का सम्बन्ध श्रीऋषभदेव के निर्वाण के साथ ही है । ऐसा कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है । शिवोपासक शैव भी इसी रात्रि को शिवलिंग की उपासना करते हैं । इससे भी ऋषभ और शिव एक ही व्यक्ति सिद्ध होते हैं ।

### * अष्टापद यानि कैलाश पर्वत :

प्राचीन समय से यह खोज अब तक हो रही है कि तीर्थ अष्टापद यानि कैलाश पर्वत हिमालय में कौन सी जगह है । यज्ञा शास्त्रों में पूर्वाचार्यों ने ज्ञान रूपी विचारों से और जानकारों ने भी ऐसा लिखा है कि यह कैलाश पर्वत हिमालय में है । जहाँ से गंगा आती है और भगवान् शिव या शंकर कैलाशपति के स्थान की जगह है, जिसका पूरा पता नहीं लग सका है । जैन ग्रन्थों में इस पर्वत का स्थान अयोध्या की उत्तर दिशा में है जिसको हिम-प्रदेश बतलाया गया है । जैन ग्रन्थों में इस पर्वत का नाम अष्टापद

तीर्थ कहा गया है। मुनि श्री जयन्तविजयजी ने भी अपने एक गुजराती ग्रन्थ में, जिसका नाम ''पूर्व भारतनी जैन तीर्थ भूमिओ'' में बतलाया है कि प्राचीन जैन ग्रन्थों में कैलाश के नाम से अष्टापद तीर्थ है ।

अब इस पर्वत की खोज करने वाली पार्टी ने पता लगाया है कि यह पर्वत हिमालय के बीच शिखरमाला में स्थित है। उत्तर भारत के अलमोड़ा शहर से यह लगभग २५० मील दूर तिब्बत प्रदेश में है। भारत की सीमा इस पर्वत से लगभग ४०-४५ मील पर है । यह पर्वत प्राकृतिक नहीं है बल्कि किसी ने इसे काट कर तराश करके बनाया है - ऐसा मालूम पड़ता है। प्राकृतिक पर्वत उतराई - चढ़ाई व ढ़लानों वाले होते हैं। जिनमें कुदरती लहरें आदि होती है। लेकिन यह पर्वत ऐसा नहीं है। अपनी शृँखला में सबसे ऊँचा है। वह कैलाश पर्वत दूर से देखने पर चारों दिशाओं से एक जैसा ही दिखाई देता है। इसके चारों ओर खंदक हैं। पर्वत नीचे की तरफ चारों ओर की गोलाई में चौकोना सा और ऊपर का भाग गोल है। इस पर्वत की चोटी निचले भाग से चार, पाँच हजार फूट ऊँची होगी। समुद्र तल से ऊँचाई २३ हजार फूट है ।

इस पर्वत की बनावट ऐसी लगती है जैसे समोसरण की रचना की हुई है । चारों ओर की खंदक में चौबीसों घंटे रुई की तरह बरफ गिरती रहती है । पर्वत चारों ओर बरफ से ढ़का हुआ है । पहाड़ों पर चढ़नेवाले लोग इसके नज़ीदक नहीं जा सकते । जो जाते हैं उन्हें चार मील दूर रुककर ही इस दृश्य को देखना पड़ता है । चढ़ना अत्यन्त कठिन है क्योंकि चोटी गोल गुम्बज के समान है और हिमाच्छादित है ।

शिखर के बीचोंबीच कलश के समान बरफ़ में ढ़का हुआ टीला सा दिखलाई देता है और अधिक ऊँचाई पर सुनहरी चमक सी भी दिखलाई देती है । इसकी परिक्रमा ४० मील घेरे की है ।

इस पर्वत को कोई कैलाश या शंकरजी का स्थान कहते हैं । तिब्बती लोग इसे काँगरिक चीन या बुद्ध का निर्वाण स्थान कहते हैं । इस पर्वत की दक्षिण दिशा में सोना व उत्तर दिशा में चाँदी की खानें हैं । गरम पानी के झरने भी काफी हैं ।

अलमोड़ा से पैदल चलना पड़ता है। पहुँचने में २५ दिन लगते हैं। इस पर्वत के २० मील दक्षिण में मानसरोवर झील है । इस झील की लम्बाई व चौड़ाई २०-२० मील है । थोड़ी ही दूरी पर ''रक्ष'' झील है जो उत्तर-दक्षिण २० मील व पूर्व-पश्चिम ६-७ मील है । मानसरोवर का पानी बहुत ही निर्मल हैं तथा ४०० फूट गहरा हैं । जब हवाओं की गति मध्यम होती है तथा लहरें उठनी बन्द हो जाती हैं, तब झील के पानी में नीचे की जमीन का भाग दिखाई देता है । इस झील पर हंस आदि पक्षी काफी संख्या में आते जाते रहते हैं । यहाँ जैन मुनि स्वामी प्रणवानन्द दो-दो साल तक रहकर आए थे और उन्होंने अपनी पुस्तक 'कैलाश एक मानसरोवर'' पृष्ठ १० पर इसका माहात्म्य लिखा है ।

कैलाश (अष्टापद) पर्वत तिब्बत की पहाड़ियों पर स्थित है । इसलिए लिंगपूजा का शब्द तिब्बत से ही प्रारम्भ हुआ है। तिब्बती लोग इस पर्वत की बड़ी श्रद्धा से पूजा करते हैं।

# 10

# ।। आदिनाथ ऋषभदेव और अष्टापद ।।

## व्याप्त व्यक्तित्व : अखण्ड कृतित्व

**लता बोथरा**

तीर्थों की श्रेणी में सबसे प्राचीन शाश्वत तीर्थ अष्टापद है जो प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव की निर्वाण भूमि है। ऋषभदेव को आदिनाथ भी कहा जाता है।

**'आदिमं पृथिवीनाथं आदिमं निष्परिग्रहम् ।**
**आदिमं तीर्थनाथं च ऋषभस्वामिनं स्तुमः' ।।**

जो इस अवसर्पिणी काल में पहले ही राजा, पहले ही त्यागी मुनि, पहले ही तीर्थंकर हुए उन ऋषभदेव स्वामी की हम स्तुति करते हैं।

(We pay homage to Rishabhdev who was the first king, first ascetic, first Tirthankara in this Avasarpini Era. Rishabhdev, as the founder of Civilization preached a religion, started the culture & showed the path of liberation). ऋषभदेव की मान्यता सिर्फ जैन ग्रन्थों में ही नहीं, जैनेतर ग्रन्थों में भी व्यापकरूप से मिलती है। इस सन्दर्भ में श्री वी. जी. नायर ने लिखा है : "Adi Bhagwan was the organiser of human society and the originator of human culture and civilization. He lived in the days of hoary antiquity. Adi Bhagwan was the first monarch, ruler, ascetic, saint, sage, omniscient teacher, law maker and architect of humanism, and humanitarianism."

**''नित्यानुभूत निजलाभ निवृत्ततृष्णः**
**श्रेयस्यतद्रचनया चिरसुप्तबुद्धेः**
**लोकस्य यः करुणयामयमात्मलोक**
**माख्यान्न भो भगवते ऋषभाय तस्मै।''**

**- भागवत् पुराण**

निरन्तर विषय भोगों की अभिलाषा करने के कारण अपने वास्तविक श्रेय से चिरकाल तक बेसुध हुए लोगों को जिन्होंने करुणावश निर्भय आत्मलोक का संदेश दिया और जो स्वयं निरन्तर अनुभव होने वाले आत्मस्वरूप की प्राप्ति के कारण सब प्रकार की तृष्णाओं से मुक्त थे उन भगवान् ऋषभदेव को नमस्कार हो।

---

**Rishabhdev & Ashtapad Vol. VII Ch. 45-1, Pg. 2984-2999**

भगवतपुराण का यह श्लोक ऋषभ संस्कृति को दर्शाता है साथ ही उनके अति प्राचीन होने का भी संदेश देता है। ऋषभदेव को सिर्फ जैन परम्परा ही नहीं वरन् वैदिक परम्परा भी उनको शलाका पुरुष मानती है। वेदों और पुराणों में उनके उल्लेख इसकी निश्चित तौर पर पुष्टि करते हैं और अनेकों साहित्यिक प्रमाण इस विषय में आज भी उपलब्ध हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में ऐसे अनेक मन्त्र हैं, जिनमें ऋषभदेव की स्तुति अहिंसक, आत्मसाधकों में प्रथम, अवधूत चर्या के प्रणेता तथा मर्त्यों में सर्वप्रथम अमरत्व अथवा महादेवत्व पाने वाले महापुरुष के रूप में की गई है। एक स्थान पर उन्हें ज्ञान का आगार तथा दुःखों व शत्रुओं का विध्वंसक बताते हुए कहा गया है :

**''असूतपूर्वां वृषभो ज्यायनिभा अस्य शुरुघः सन्तिपूर्वीः।**
**दिवो न पाता विदथस्यधीभिः क्षत्रं राजाना प्रदिवोदधाथे।।''**

**-ऋग्वेद, ५-३८**

जिस प्रकार जल से भरा हुआ मेघ वर्षा का मुख्य स्रोत है और जो पृथ्वी की प्यास को बुझा देता है, उसी प्रकार पूर्वी अर्थात् ज्ञान के प्रतिपादक वृषभ महान् हैं। उनका शासन वरद है। उनके शासन में ऋषि-परम्परा से प्राप्त पूर्व का ज्ञान आत्मा के क्रोधादि शत्रुओं का विध्वंसक हो। दोनों (संसारी और शुद्ध) आत्माएँ अपने ही आत्मगुणों में चमकती हैं; अतः वे ही राजा हैं, वे पूर्ण ज्ञान के आगार हैं और आत्म-पतन नहीं होने देते।

ऋग्वेद के एक दूसरे मन्त्र में उपदेश और वाणी की पूजनीयता तथा शक्ति सम्पन्नता के साथ उन्हें मनुष्यों और देवों में पूर्वयावा माना गया है :

**''मखस्य ते तीवषस्य प्रजूतिमियभिं वाचमृताय भूषन्।**
**इन्द्र क्षितीमामास मानुषीणां विशां दैवी नामुत पूर्वयावा।।''**

**-ऋग्वेद, २।३४।२**

**अर्थात्** - हे आत्मदृष्टा प्रभो! परम् सुख पाने के लिये मैं तेरी शरण में आता हूँ, क्योंकि तेरा उपदेश और वाणी पूज्य और शक्तिशाली हैं। उनको अब मैं धारण करता हूँ। हे प्रभो ! सभी मनुष्यों और देवों में तुम्हीं पहले पूर्वयावा (पूर्वगत् ज्ञान के प्रतिपादक) हो।

यजुर्वेद में लिखा है-

**वेदाहमेतं पुरूषं महान्तमादित्यवर्ण तमसः पुरस्तात्।**
**तमेव निदित्वाति मृत्युमेति नान्य पंथा विद्यतेऽयनाय।।**

**यजुर्वेद अ.३१, मंत्र ८**

मैंने उस महापुरुष को जाना है, जो सूर्य के समान तेजस्वी, अज्ञानादि अन्धकार से दूर है। उसी को जानकर मृत्यु से पार हुआ जा सकता है, मुक्ति के लिए अन्य कोई मार्ग नहीं है।

**'ॐ नमोऽर्हन्तो ऋषभो' (यजुर्वेद)**

**अर्थात्** - अर्हन्त नाम वाले (वा) पूज्य ऋषभदेव को प्रणाम हो।

**''ॐ ऋषभंपवित्रं पुरुहूतमध्वरं यज्ञेषु नग्नं परमं माहसंस्तुतं वारं शत्रुंजयंतं पुशुरिंद्रमाहुरिति स्वाहा। उत्रातारमिद्रं ऋषभंवदंति अमृतारमिन्द्रहवे सुगतं सुपार्श्वमिन्द्रंहवे शकमजितं तदूर्द्धमान पुरुहूतमिंद्रमाहुरिति**

**स्वाहा। ॐ स्वस्तिनः इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्तिनः पूषा विश्ववेदाः स्वस्तिनस्तार्क्षोअरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु। दीर्घायुस्त्वायवलायुर्वाशुभजातायु ॐ रक्षरक्षअरिष्टनेमि स्वाहा वामदेव सांत्यर्थ मनुविधीयते सोऽस्माक अरिष्टनेमि स्वाहा।''** **- यजुर्वेद**

**अर्थ-** ऋषभदेव पवित्र को और इन्द्ररूपी अध्वर को यज्ञों में नग्न को, पशु वैरी के जीतने वाले इंद्र को आहुति देता हूँ। रक्षा करने वाले परम ऐश्वर्ययुक्त और अमृत और सुगत सुपार्श्व भगवान् जिस ऐसे पुरुहुत (इन्द्र) को ऋषभदेव तथा वर्द्धमान कहते हैं उसे हवि देता हूँ। वृद्धश्रवा (बहुत धनवाला) इन्द्र कल्याण करे, और विश्ववेदा सूर्य हमें कल्याण करे, तथा अरिष्टनेमि हमें कल्याण करे और बृहस्पति हमारा कल्याण करे। (यजुर्वेद अध्याय २५ मं. १९) दीर्घायु को और बल को और शुभ मंगल को दे। और हे अरिष्टनेमि महाराज ! हमारी रक्षा करे वामदेव शान्ति के लिये जिसे हम विधान करते हैं वह हमारा अरिष्टनेमि है, उसे हवि देते हैं।

**अथर्ववेद** में ऋषभ को भवसागर से पार उतारने वाला कहकर उसकी स्तुति की गई है—

**''अंहो मुचं वृषभं यज्ञियानां विराजन्तं प्रथममध्वरणाम्।**
**अपां न पातमश्विना हुवेधिय इन्द्रियेण तमिन्द्रियं।''**

पापों से मुक्त पूज्य देवताओं और सर्वश्रेष्ठ आत्म साधकों में सर्वप्रथम भवसागर के पोतकों में ह्रदय से पुकारता हूँ। हे सहचर बन्धुओ ! उस सर्वश्रेष्ठ वृषभ को तुम पूर्ण श्रद्धा द्वारा उसके आत्मबल और उसके तेज को धारण करो क्योंकि वह भवसमुद्र से पार उतारेगा।

**-दत्तभोज/अथर्ववेद १९.४२.४**

**ऋग्वेद** में भगवान् ऋषभदेव को अनन्तचतुष्ट्य का धारी प्रतिपादित किया है—

**चत्वारी श्रृंगात्रयो अस्य पादा, दै शीर्ष सप्त हस्तासौ अस्य**
**त्रिधा बद्धो वृषभो शेरणीति, महादेवी मत्यनिविवेद।**

**- ऋग्वेद ४.५८.३**

**अर्थ-** ऋषभदेव के अनन्त दर्शन, अनन्त ज्ञान, अनन्त सुख और अनन्त वीर्य रूप चार शृँग हैं। उनके सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चरित्र रूपी पद (चरण) हैं। उच्चासन अर्थात् केवल ज्ञान एवं मुक्ति रूपी दो शीर्ष हैं। सप्तभंगी रूप सात हाथ हैं। मन वचन कार्यरूपी तीन योगों से बंधकर जीव संसारी हो जाता है और इन तीनों का निरोधकर तपस्या कर यह आत्मा परमात्मा बन जाता है।

आगे पुनः स्तुति करते हुए कहते हैं—

**'एवं वभ्रो वृषभ चेकिस्तान यथा हेक न हर्षीषेन हन्ति।'**

हे शुद्ध, दीप्तिमान सर्वज्ञ वृषभ ! हमारे ऊपर ऐसी कृपा करो कि हम जल्दी नष्ट न हों और न किसी को नष्ट करें।

**कल्याण के संत अंक में लिखा है-** 'परम भगवत भक्त राजर्षि भरत; भगवान् ऋषभदेव के सौ पुत्रों में सबसे बड़े थे। उन्होंने पिता की आज्ञा से राज्यभार स्वीकार किया था। उन्हीं के नाम पर इस देश का नाम **भारत वर्ष** या **भरत खण्ड** कहलाया।'

**-कल्याण का संत अंक, प्रथम खण्ड वर्ष १२, पृ.२७६**

स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती ने (गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित) अपने ग्रन्थ की टीका में लिखा है- **''ऋषभदेव को पुराणों में भगवान् वासुदेव का अंश कहा है, और ऋषभदेव का अवतार माना है**

**इसका क्या प्रयोजन है? यह स्पष्ट करते हुए स्वामी जी ने लिखा है (मोक्षमार्ग विवक्षया अवतीर्णम्) अर्थात् मोक्षमार्ग का उपदेश देने के लिये ऋषभदेव ने अवतार लिया था। संसार की लीला दिखाने के लिए नहीं। भगवान् ऋषभदेव ने जिस ज्ञानधारा का उपदेश दिया, उसे उपनिषद में परा-विद्या अर्थात् श्रेष्ठ विद्या माना गया है।''**

हिन्दुओं के प्रसिद्ध योगशास्त्र ग्रन्थ **हठयोग प्रदीपिका** में मंगलाचरण करते हुए लेखक ने भगवान् आदिनाथ की स्तुति की है–

**''श्री आदिनाथाय नमोस्तु तस्मै, येनोपदिष्टा हठयोग विद्या।**
**विभ्राजते प्रोन्नतराज योग, मारोढुमिच्छोरधिरोहिणीव।।''**

श्री आदिनाथ को नमस्कार हो। जिन्होंने उस हठयोग विद्या का, सर्वप्रथम उपदेश दिया, जोकि बहुत ऊँचे, राजयोग पर आरोहण करने के लिये, नसैनी के समान है।

**-वीरज्ञानोदय ग्रन्थमाला**

तीर्थङ्कर ऋषभदेव योग प्रवर्तक थे। कैलाश (अष्टापद) पर उन्होंने जो साधना की वे अत्यन्त रोमांचक होने के साथ साथ अनेक पद्धतियों की आविर्भावक भी थी। वे प्रथम योगी बन गये। उनके माता पिता का नाम मेरु और नाभि भी योग से सम्बद्ध है अर्थात नाभि और मेरु से उत्पन्न होने वाला ऋषभ। जो नाभि और मेरु से उत्पन्न होगा; वह विशेष ऊर्जा सम्पन्न होगा। यह ऊर्जा चेतना की ही हो सकती है। अतः ऋषभ श्रेष्ठ है। श्रीमद् भागवत में ऋषभदेव की योगचर्या की विस्तृत चर्चा की गयी है।

**-मुनि महेन्द्र कुमारजी**

वी. जी. नैय्यर ने अपने ग्रन्थ में लिखा है – ''द्रविड़ श्रमण धर्म के अनुयायी थे। श्रमणधर्म का उपदेश ऋषभदेव ने दिया था। वैदिक आर्यों ने, उन्हें जैनों का प्रथम तीर्थंकर माना है। मनु ने द्रविड़ों को व्रात्य कहा है, क्योंकि वे जैनधर्मानुयायी थे।'' **-दि इन्डस वैली सिविलाइजेशन एण्ड ऋषभ - पृ.२**

**शतपथ ब्राह्मण** में लिखा है व्रतधारी होने के कारण (अरिहंत) अर्हत् के उपासकों को व्रात्य कहते थे। वे प्रत्येक विद्याओं के जानकार होने के कारण द्राविड़ नाम से प्रसिद्ध थे। ये बड़े बलिष्ठ, धर्मनिष्ठ, दयालु और अहिंसा धर्म को मानने वाले थे। ये अपने इष्टदेव को वृत्र (सब ओर से घेरकर रहने वाला सर्वज्ञ) अहिन् सर्व आदरणीय परमेष्ठी, परमसिद्धी के मालिक, जिन, संसार के विजेता, शिव आनंदपूर्ण, ईश्वर, महिमापूर्ण आदि नामों से पुकारते थे। ये आत्मशुद्धि के लिये अहिंसा, संयम और तपोनिष्ठ मार्ग के अनुयायी, तथा ये केशी (जटाधारी) शिश्नदेव (नग्न साधुओं) के उपासक थे।

**-अनेकान्त वर्ष १२, किरण ११, पृ. ३३५**

**पद्मपुराण** में लिखा है–इस आर्हत धर्म के प्रवर्तक तीर्थंकर ऋषभदेव कहे जाते हैं :

**''आर्हतं सर्वैमैतच्च मुक्ति द्वारम् संवृतम।**
**धर्मात् विभुक्ते रहोयं नः तस्मादपरः परः।''**

**-पर्व १३/३५० पद्मपुराण**

**आर्यमंजुश्री मूल काव्य** में भारत के प्राचीनतम सम्राटों में नाभिराय के पौत्र सम्राट भरत को बताया गया है। उसमें लिखा है–नाभि के पुत्र भगवान् ऋषभदेव ने हिमालय में तप द्वारा सिद्धि प्राप्त की थी, और वे जैनधर्म के आद्यदेव थे–

**''प्रजापते सुतो नाभिः तस्यापि आगमुच्यति।**
**नाभिनो ऋषभपुत्रो वै सिद्धकर्म दृढव्रतः।**

**तस्यापि मणिचरो यक्षः सिद्धो हेमवते गिरौ।**
**ऋषभस्य भरतः पुत्रः सो पि मज्जतात् सदा जपेत्।''**

इसी ग्रन्थ में एक स्थान में कपिल का भी उल्लेख है। **'कपिल मुनिनाम ऋषि वरो, निर्ग्रन्थ तीर्थंकर ऋषभ निर्ग्रन्थ रूपि।'**

जैन शास्त्रों में ऋषभदेव का वर्णन बहुत कुछ वेदों और पुराणों के अनुसार ही मिलता है। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि जिन ऋषभदेव की महिमा वेदान्तियों के ग्रन्थों में वर्णन है, जैनी भी उन्हीं ऋषभदेव को पूजते हैं, दूसरे को नहीं।

**''युगेयुगे महापुण्यं दृश्यते द्वारिका पुरी।**
**अवतीर्णो हरिर्यत्र प्रभासशशिभूषणः।।**
**रेवताद्रौजिनो नेमिर्युगादिर्विमलाचले।**
**ऋषीणामश्रमादेव मुक्तिमार्गस्य कारणम्।।''**

**—श्री महाभारत**

**अर्थ-** युग-युग में द्वारिकापुरी महा क्षेत्र है, जिसमें हरि का अवतार हुआ है जो प्रभास क्षेत्र में चन्द्रमा की तरह शोभित है। और गिरनार पर्वत पर नेमिनाथ और कैलाश (अष्टापद) पर्वत पर आदिनाथ अर्थात् ऋषभदेव हुए हैं। ये क्षेत्र ऋषियों के आश्रम होने से मुक्तिमार्ग के कारण हैं।

श्री नेमिनाथ स्वामी भी जैनियों के २२वें तीर्थंकर हैं और श्री ऋषभनाथ को आदिनाथ भी कहते हैं, क्योंकि वे इस युग के आदि तीर्थंकर हैं।

**''दर्शयन् वर्त्म वीराणां सुरासुरनमस्कृतः।**
**नीतित्रयस्य कर्ता यो युगादौ प्रथमो जिनः।।**
**सर्वज्ञः सर्वदर्शी च सर्वदेवनमस्कृतः।**
**छत्त्रत्रयीभिरापूज्यो मुक्तिमार्गमसौ वदन्।।**
**आदित्यप्रमुखाः सर्वे बद्धांजलिभिरीशितुः।**
**ध्यायंति भावतो नित्यं यदंघ्रियुगनीरजम्।।**
**कैलासविमले रम्ये ऋषभोयं जिनेश्वरः।**
**चकार स्वावतारं यो सर्वः सर्वगतः शिवः।।''**

**—श्री नागपुराण**

**अर्थ-** वीर पुरुषों को मार्ग दिखाते हुए सुर असुर जिनको नमस्कार करते हैं जो तीन प्रकार की नीति के बनाने वाले हैं, वह युग के आदि में प्रथम जिन अर्थात् आदिनाथ भगवान् हुए, सर्वज्ञ (सबको जानने वाले), सबको देखने वाले, सर्व देवों के पूजनीय, छत्रत्रय करके पूज्य, मोक्षमार्ग का व्याख्यान कहते हुए, सूर्य को प्रमुख रखकर सब देवता सदा हाथ जोड़कर भाव सहित जिसके चरणकमल का ध्यान करते हुए ऐसे ऋषभ जिनेश्वर निर्मल कैलाश पर्वत पर अवतार धारण करते हुए जो सर्वव्यापी हैं और कल्याणरूप हैं।।

**'अष्टषष्टिषु तीर्थेषु यात्रायां यत्फलं भवेत्।**
**आदिनाथस्य देवस्य स्मरणेनापि तद्भवेत्।।'**

**—शिवपुराण**

**अर्थ-** अड़सठ (६८) तीर्थों की यात्रा करने का जो फल है, उतना फल श्री आदिनाथ के स्मरण करने ही से होता है।

अग्निध्रसूनोर्नाभेस्तु ऋषभोऽभूत् सुत्तो द्विजः।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताद् वरः।।३९।।
सोऽभिषिच्यर्षभः पुत्रं महाप्राव्राज्यमास्थितः।
तपस्तेपे महाभागः पुलहाश्रमसंशयं।।४०।।
हिमाह्वं दक्षिणं वर्ष भारताय पिता ददौ।
तस्मात्तु भारतं वर्ष तस्य नाम्ना महात्मनः।।४०।।

—मार्कण्डेयपुराण, अध्याय ४० पृ.१५०

हिमाह्वं तु यद्वर्ष नाभेरासीन्महात्मनः।
तस्यर्षभोऽभवत्पुत्रो मेरुदेव्या महाद्युतिः।।३७।।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रः शताग्रजः।
सोऽभिषिच्यर्षभः पुत्रं भरतं पृथिवीपतिः।।३८।।

—कूर्मपुराण, अध्याय ४१ पृ.६१

जरामृत्युभयं नास्ति धर्माधर्मौ युगादिकम्।
नाधर्मं मध्यमं तुल्या हिमादेशात्तु नाभितः।।१०।।
ऋषभो मरुदेव्या च ऋषभाद् भरतोऽभवत्।
ऋषभोदात्तश्रीपुत्रे शाल्यग्रामे हरिं गतः।।११।।
भरताद् भारतं वर्ष भरतात् सुमतिस्त्वभूत्।

—अग्निपुराण, अध्याय १० पृ.३२

नाभिस्त्वजनयत्पुत्रं मरुदेव्या महाद्युतिः।
ऋषभं पार्थिवश्रेष्ठं सर्वेक्षत्रस्य पूर्वजम्।।५०।।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः।
सोऽभिषिच्याथ भरतं पुत्रं प्राव्राज्यमास्थितः।।४१।।
हिमाह्वं दक्षिणं वर्ष भरताय न्यवेदयत्।
तस्माद् भारतं वर्ष तस्य नाम्ना विदुर्बुधाः।।४२।।

-वायुमहापुराण पूर्वार्ध, अध्याय ३३ पृ.५१

नाभिस्त्वजनयत् पुत्रं मरु देव्या महाद्युतिम्।।५९।।
ऋषभं पार्थिवं श्रेष्ठं सर्वक्षत्रस्य पूर्वजम्।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः।।६०।।
सोऽभिषिच्यर्षभः पुत्रं महाप्राव्राज्यमास्थितः।
हिमाह्लं दक्षिणं वर्ष तस्य नाम्ना विदुर्बुधाः।।६१।।

-ब्रह्माण्डपुराण पूर्वार्ध, अनुषङ्गपाद, अध्याय १४

नाभिर्मरूदेव्यां पुत्रमजनयत् ऋषभनामानं,
तस्य भरतः पुत्रश्च तावदग्रजः तस्य भरतस्य पिता
ऋषभः हेमाद्रेर्दक्षिणं वर्ष महद् भारतं नाम शशास।

-वाराहपुराण, अध्याय ७४ पृ ४९

नाभेर्निसर्ग वक्ष्यामि हिमांकेऽस्मिन्निबोधत।
नाभिस्त्वजनयत् पुत्रं मरूदेव्यां महामतिः।।१९।।
ऋषभं पार्थिवश्रेष्ठं सर्वक्षत्रस्य पूजितम्।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः।।२०।।
सोऽभिषिच्याथ ऋषभो भरतं पुत्रवत्सलः।

ज्ञानं वैराग्यमाश्रित्य जितेन्द्रियमहोरगान्।।२१।।
सर्वात्मनात्मन्यास्थाप्य परमात्मानमीश्वरम्।
नग्नो जटो निराहारोऽचीरी ध्वान्तगतो हि सः।।२२।।
निराशस्त्यक्तसंदेहः शैवमाप परं पदम्।
हिमाद्रेर्दक्षिणं वर्षं भरताय न्यवेदयत्।।२३।।
तस्मात्तु भारतं वर्षं तस्य नाम्ना विदुर्बुधाः।

-लिंगपुराण, अध्याय ४७ पृ ६८

न ते स्वस्ति युगावस्था क्षेत्रेष्वष्टसु सर्वदा।
हिमाह्वयं तु वै वर्षं नाभेरासीन्महात्मनः।।२७।।
तस्यर्षभोऽभवत्पुत्रो मरुदेव्यां महाद्युतिः।
ऋषभाद्भरतो जज्ञे ज्येष्ठः पुत्रशतस्य सः।।२८।।

-विष्णुपुराण, द्वितीयांश, अध्याय १ पृ. ७७

नाभेः पुत्रश्च ऋषभः ऋषभाद् भरतोऽभवत्।
तस्य नाम्ना त्विदं वर्षं भारतं चेति कीर्त्यते।।५७।।

-स्कन्धपुराण, माहेश्वरखण्ड, कौमारखण्ड, अध्याय २७

इन सभी उदाहरणों से ऋषभदेव की ऐतिहासिक प्रामाणिकता में कोई भी संदेह नहीं रह जाता है। ये सभी प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि नाभि और मरुदेवी के पुत्र ऋषभ थे। जो योग में, तप में, क्षत्रियों में, राजाओं में श्रेष्ठ थे तथा हिमालय के दक्षिण क्षेत्र को उन्होंने अपने पुत्र भरत को सौंप दिया। और भरत के नाम से ही इस क्षेत्र का नाम भारत वर्ष पड़ा।

जिस प्रकार जैन परम्परा प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव से ही मानव सभ्यता के विकास का प्रारम्भ मानती है, उसी प्रकार अन्य सभी परम्पराओं में भी यही मान्यता कहीं प्रत्यक्ष तो कहीं अप्रत्यक्ष रूप से स्थापित है। अतः यह निर्विवाद है कि मानव सभ्यता और संस्कृति के आदि जनक ऋषभदेव थे। इस विषय में Dr. Stella Gerdner ने लिखा है "The ancient rythm of history have been vibrant enough to focus enough light on jainism. As Risabh or Brisabh as he is generally known has been one of the most remarkable historical person of all times. It was he who changed the forms of society as more scientific one than it was in its primitive stage. (Formation of Identity And Other Essays Pg.313).

ऋग्वेद के गवेषणात्मक अध्ययन के आधार पर प्रसिद्ध विद्वान **श्री सागरमलजी** ने अर्हत् और ऋषभवाची ऋचायें नामक लेख में लिखा है– ''ऋग्वेद में ना केवल सामान्य रूप से श्रमण परम्परा और विशेष रूप से जैन परम्परा से सम्बन्धित अर्हत्, अरहन्त, व्रात्य, वातरसनामुनि, श्रमण आदि शब्दों का उल्लेख मिलता है अपितु उसमें अर्हत् परम्परा के उपास्य वृषभ का भी शताधिक बार उल्लेख मिलता हैं। मुझे ऋग्वेद में वृषभवाची ११२ ऋचाएँ प्राप्त हुई हैं। सम्भवतः कुछ और ऋचाएँ भी मिल सकती हैं। यद्यपि यह कहना कठिन है कि इन सभी ऋचाओं में प्रयुक्त वृषभ शब्द ऋषभदेव का ही वाची है, फिर भी कुछ ऋचाएँ तो अवश्य ऋषभदेव से सम्बन्धित ही मानी जा सकती हैं। डॉ. राधाकृष्णन, प्रो. जिम्मर, प्रो. वार्डियर आदि कुछ जैनेतर विद्वान इस मत के प्रतिपादक हैं कि ऋग्वेद में जैनों के आदि तीर्थंकर ऋषभदेव से संबंधित निर्देश उपलब्ध होते हैं। बौद्ध साहित्य के धम्मपद में उन्हें (उसभं पवरं वीरं - ४२२) कहा गया है।''

Prof Nathmal Kedia के अनुसार – "Change in times and these positive effects have

quite a number of times been contrary to the effects of society. Because of the changes in society the basic mores and systematic social strata were dwindling in ancient times. Jainism was one of the more important religion of the world which emancipated the humanistic theory thereby ethically evaluating the social strata. Rishabh Deva and Bharat along with their descendents who reigned in the primaeval Indian soil, totally changed the face of society in this very ethical manner were human beings was the supreme and nothing non existed beyond this facade no Godheads or Gods whatsoever. (Religion And Society Edited by Prof Friedrich Stam– Pg 12)

अग्नि की स्तुति के लिये वैदिक सूत्रों में जिन-जिन विशेषणों का प्रयोग किया गया है उनके अध्ययन से स्पष्ट है कि यह अग्निदेव भौतिक अग्नि न होकर इन्हें ऋषभदेव के लिये अभिहित किया गया है। क्योंकि उनका कर्म अग्नि के समान था। जिस प्रकार सूर्य जीव जगत् में प्राण का संचार करता है उसी प्रकार उन्होंने जीव जगत् में ज्ञान का संचार किया। **'देवा अग्नि धारयन् द्रविणोदाम्'** देवा अर्थात् अपने को देव संज्ञा से अभिवादन करने वाले आर्यगणों ने द्रविणोदाम् अर्थात् धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले अग्नि को धारयन् अपने आराध्यदेव के रूप में धारण कर लिया।

यह सूत्र ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। इससे पता चलता है कि भगवान् ऋषभदेव वैदिक संस्कृति के पूर्व के आराध्य देव थे। क्योंकि जीव जगत् का स्रोत अग्नि है, सूर्य के बगैर यह संसार नहीं चल सकता उसी तरह इस आरे में मनुष्यों के सारे संस्कार ऋषभदेव द्वारा किये गये इसलिये उनकी तुलना सूर्य और अग्नि से की जाती है। अग्नि जीव जगत् का प्राण है उसी प्रकार इस जीव जगत् में मनुष्य के हर संस्कार का प्राण ऋषभदेव ही हैं।

'अपश्चमित्र' (जो संसार का मित्र है।) 'धिपणा च साधन' (जो ध्यान द्वारा साध्य है), 'प्रन्नथा' (जो पुरातन है), 'सहसा जायमानः' (जो स्वयंभू है) 'सद्यः काव्यानि षडधन्त विश्वा' (जो निरन्तर विभिन्न काव्यस्तोत्रों को धारण करता है, अर्थात् जिसकी सभी जन स्तुति करते रहते हैं), 'देवो अग्नि धारयन् द्रविणोदाम्' (देवों ने उस द्रव्यदाता अग्नि को धारण कर लिया ।

'पूर्वया निविदा काव्यतासोः' (जो प्राचीन निविदों द्वारा स्तुति किया जाता है), 'यमा; प्रजा अजन्यन् मनुनाम्' (जिसने मनुओं की सन्तानीय प्रजा की व्यवस्था की) 'विवस्वता चक्षुषा द्याम पञ्च' (जो अपने ज्ञान द्वारा द्यु और पृथ्वी को व्याप्त किए हुए हैं, देवों ने उस द्रव्यदाता को धारण कर लिया।)

'तमीडेत महासंघ' (तुम उसकी स्तुति करो जो सर्वप्रथम मोक्ष का साधक है), 'अर्हत' (सर्वपूज्य) है, 'आरीविशः उञ्जः भृज्जसानम्' (जिसने स्वयं शरण में आने वाली प्रजा को बल से समृद्ध करके), 'पुत्रं भरतं सम्प्रदानुं' (अपने पुत्र भरत को सौंप दिया), 'देवों ने उस द्रव्यदाता अग्नि' (अग्नि देवता को) 'धारयन्' (धारण कर लिया।)

'स मातरिश्वा' (वह वायु के समान निर्लेप और स्वतन्त्र है), 'पुरुवार पुष्टि' (अभीष्ट वस्तुओं का पुष्टिकारक साधन है), 'उसने स्वर्वितं' (ज्ञान सम्पन्न होकर), 'तनयाय' (पुत्र के लिए) 'गातं' (विद्या), 'विदद' (देदी), 'वह विशांगोपा' (प्रजाओं का संरक्षक है,) 'पवितारोदस्योः' (अभ्युदय तथा निःश्रेयस का उत्पादक है), 'देवों ने उस द्रव्यदाता अग्नि' (अग्रनेता को) ग्रहण कर लिया।

ऋग्वेद के ये सूत्र ऋषभदेव और अग्नि तथा सूर्य की समानता को स्पष्ट करते हैं। स्वर्गीय डॉ. नरेन्द्र विद्यार्थी ने ऋग्वेद के इस प्रथम श्लोक जो अग्नि को सम्बोधित है के साथ भी शब्द और भाव साम्य दोनों बताया है।

**''ओऽम् अग्नि मीडे पुरोहित यज्ञस्य देवमृत्विज होतारं रत्नधातमम्**
**अग्निः पूर्वभिऋषिभिरीडयो नूतनं स्त सदेवो एह वक्षति''**

जिसका अर्थ है— मैं अग्रनेता ब्रह्मा की स्तुति करता हूँ जो अग्र हितैषी हैं जो सभी कार्यों के आदि में पूज्य माने जाते हैं, जो युक्ति साधना के आदर्श हैं, जो रत्नत्रय धारी हैं। जो जन्म-मरण रूप संसार को हवि देने वाले हैं, जो धर्म संस्थापक हैं वह अग्रनेता पुराने और नये सभी ऋषियों द्वारा स्तुत्य है वह मुझे आत्मशक्ति प्रदान करें। श्री ए.एच. आहुवालिया के अनुसार— "They worshipped Agni knowing that it was the terrestrial representative of the mighty sun, the source of all power and life giver argumentor of all precious things' – A.H.Ahuwalia.

इसी प्रकार सामवेद १-१ में लिखा है कि— **(अग्न आ याहि वतिये गृणानो हव्यदातये नि होता सत्सि बर्हिर्षि)** अर्थात् Agni come! come for the good of us all. Come be anxious to participate in all that we have to offer you. यह सभी श्लोक स्पष्ट करते हैं कि ऋषिगण भौतिक अग्नि का आह्वान् नहीं कर रहे वरन् जो दिखाई नहीं देती ऐसी सर्वोच्च सिद्ध शक्ति का आह्वान् कर रहे हैं।

'उड़ीसा में जैन धर्म' किताब की भूमिका में नीलकण्ठ साहू ने लिखा है कि ''जगन्नाथ जैन शब्द है और ऋषभनाथ के साथ इसकी समानता है। ऋषभनाथ का अर्थ है सूर्यनाथ या जगत् का जीवन रूपी पुष्प। ऋषभ यानि सूर्य होता है। यह प्राचीन बेबीलोन का आविष्कार है। प्रो. सई ने अपने Hibbert Lectures (1878) में स्पष्ट कहा है कि इसी सूर्य को वासन्त विषुवत में देखने से लोगों ने समझा कि हल जोतने का समय हो गया है। वे वृषभ अर्थात् बैलों से हल जोतते थे इसलिये कहा गया कि वृषभ का समय हो गया। इस दृष्टि से लोक भाषा में सूर्य का नाम ऋषभ या वृषभ हो गया। उससे पूर्व सूर्य जगत् का जीवन है यह धारण लोगों में बद्धमूल हो गयी थी। अतः ऋषभ की और सूर्य की उपासना का ऐक्य स्थापित हो गया। इस प्रकार नीलकण्ठ साहू ने उड़ीसा से बेबीलोन तक व्याप्त ऋषभ-संस्कृति को व्यक्त किया है।''

आगे वे लिखते हैं कि ''अति प्राचीन वैदिक मंत्र में भी कहा है- सूर्य आत्मा जगत् स्तस्थुषश्च। (ऋग्वेद १-११५-१) सूर्य जगत् का आत्मा या जीवन है। बेबीलोन के निकट जो तत्कालीन प्राचीन मिट्टानी राज्य था वहाँ से यह बात पीछे आयी थी। उस समय मिट्टानी राष्ट्र के राजा (ई० पू० चौदहवीं शताब्दी) दशरथ थे। उनकी बहन और पुत्री दोनों का विवाह मिस्त्र सम्राट के साथ हुआ था। उन्हीं के प्रभाव से प्रभावित होकर चतुर्थ आमान हेटय् या आकनेटन् ने आटेन (आत्मान्) नाम से इस सूर्य धर्म का प्रचार किया था। और यह **सूर्य या जगत् का आत्मा ही परम पुरुष या पुरुषोत्तम है** ऐसा प्रचार कर एक प्रकार से धर्म में पागल होकर समस्त साम्राज्य को भी शर्त पर लगाने का इतिहास में प्रमाण है। बहुत सम्भव है कि कलिंग में द्रविड़ों के भीतर से ये जगन्नाथ प्रकट हुए हों। मिस्त्रीय पुरुषोत्तम तथा पुरी के पुरुषोत्तम ये दोनों इसी जैन धर्म के परिणाम हैं।''

सराक जाति के प्रसंग में भी ऋषभदेव और अग्नि का सम्बन्ध परिलक्षित होता है। सराक जाति में प्रधानतः दो गोत्र पाए जाते हैं — आदिदेव एवं ऋषभदेव। हाँ कुछ अल्प संख्यक सराकों में अवश्य किसी और गोत्र का परिचय मिलता है पर वे नगण्य ही हैं। प्रधानता आदिदेव एवं ऋषभदेव की ही है। आदिदेव ऋषभदेव का ही एक अन्य नाम है।

''स्मरणातीत काल से ही मनुष्य अपने जाति एवं गोत्र को जानता रहा है। मानवों का एक-एक समूह इतिहास के संधि स्थलों पर जिस युगपुरुष के माध्यम से परिचालित हुआ है, जिनके प्रवर्तित अनुशासन एवं रीत-नीतियों को माना है, जिनके निकट दीक्षित हुए हैं—वहीं उस समूह के गोत्रपिता कहलाए एवं इस